RNI No. 58061/93 ■ वर्ष - 21 ■ अंक - 144 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- | बेंगलूरु » गुरुवार » 18-12-2025 | ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 भाजपा की सोशल मीडिया पोस्ट पर सियासी घमासान, तेजस्वी यादव को बताया 'लापता'
6 'जी राम जी' बिल लेगा मनरेगा की जगह
7 'बॉर्डर 2' के लिए दिलजीत दोसांझ बहाया खून-पसीना : वरुण धवन

## फर्स्ट टेक

### सीगल पक्षी पर चीनी जीपीएस ट्रैकर मिला, जांच का आदेश

**करवार (कर्नाटक)/भाषा।** करवार तटीय क्षेत्र में बुधवार को एक समुद्री पक्षी पर चीन निर्मित जीपीएस ट्रैकिंग उपकरण लगा पाए जाने के बाद सुरक्षा एजेंसियों और वन अधिकारियों ने जांच शुरू की है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक जांच में इस उपकरण का जासूसी के बजाय वैज्ञानिक अनुसंधान में उपयोग का संकेत मिला है। करवार कस्बे की पुलिस ने कहा कि यह घटना उस समय प्रकाश में आई जब स्थानीय लोगों ने समुद्री तट के पास थिमक्का गार्डन के पीछे बैठे सीगल पक्षी पर एक उपकरण देखा और वन विभाग की समुद्री शाखा को इसकी सूचना दी। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचे वन अधिकारियों ने पक्षी को पकड़ा और उपकरण की जांच की।

### मदुरै में एलआईसी की इमारत में आग लगी

**मदुरै (तमिलनाडु)/भाषा।** यहां भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार रात आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दमकल और बचाव विभाग के सूत्रों ने बताया कि दमकल की तीन गाड़ियां आग बुझाने के लिए जुटीं। यहां एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''विभाग को रात करीब आठ बजकर 40 मिनट पर घटना की सूचना मिली और आग बुझाने के लिए दमकल की तीन गाड़ियां भेजी गई हैं।'' दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

### पाकिस्तान नौसेना ने हैंगर श्रेणी की चौथी पनडुब्बी का चीन में जलावतरण किया

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान नौसेना की हैंगोर- श्रेणी पनडुब्बी शृंखला की चौथी पनडुब्बी 'गाज़ी' का चीन के शुआंगलियू बेस पर जलावतरण किया गया। अंतर सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी फौज की मीडिया शाखा आईएसपीआर के मुताबिक, सदाबहार सहयोगी चीन ने पाकिस्तानी नौसेना के लिए यह पनडुब्बी बनाई है और इसका निर्माण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते के तहत किया गया है। वुहान में आयोजित जलावतरण समारोह में दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जो द्विपक्षीय सहयोग के और अधिक गहराने का प्रमाण है। सेना के अनुसार, पाकिस्तान ने हैंगोर श्रेणी की आठ पनडुब्बियों की खरीद के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और इस अनुबंध के तहत, चार पनडुब्बियों का निर्माण चीन में किया जा रहा है।

| 18-12-2025 | 19-12-2025 |
|---|---|
| सूर्यास्त 5:57 बजे | सूर्योदय 6:35 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 84,559.65 | 25,818.55 |
| (-120.21) | (-41.55) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 13,850 रु. | 207,343 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### क्रिकेट क्यों

जिनकी सिम में बेलेंस नहीं,
उनसे भी करते रहें चैट।
जिस घर के द्वार बँधे कुत्ते,
क्यों जाएं उस दर खोल गेट।
खेलों से बढ़ता भ्रातृभाव,
बढ़ती मन की रन फ्लेट रेट।
जिनके मन में है बैर भाव,
उनके सँग भी खेलें क्रिकेट ।

# भारत और इथियोपिया क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के मामले में प्राकृतिक साझीदार हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अदीस अबाबा/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इथियोपियाई संसद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और इथियोपिया क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में ''प्राकृतिक साझीदार'' हैं। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश एक ऐसी दुनिया के लिए कार्यरत हैं जो 'अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समानता मूलक और अधिक शांतिपूर्ण' हो। मंगलवार को अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा पर इथियोपिया पहुंचे मोदी ने इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया।

मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि शेरों की भूमि इथियोपिया में आकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने स्थानीय भाषा में सांसदों का अभिवादन करते हुए कहा, 'तेना यिस्टिलिगन, सलाम'। इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''मुझे यहां घर जैसा महसूस हो रहा है क्योंकि मेरा गृह राज्य गुजरात भी शेरों की भूमि है।'' यह विश्व की 18वीं संसद थी जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''इथियोपिया अफ्रीका के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्थित है। भारत हिंद महासागर के केंद्र में स्थित है। हम क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और कनेक्टिविटी में प्राकृतिक साझीदार हैं।'' प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान सांसदों ने 50 से अधिक बार तालियां बजाईं।

मोदी ने कहा, ''इस वर्ष की शुरुआत में रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर के साथ आपसी सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। यह समझौता घनिष्ठ सैन्य सहयोग पर केंद्रित है। इसमें साइबर सुरक्षा, रक्षा उद्योगों, संयुक्त अनुसंधान और क्षमता निर्माण में सहयोग शामिल है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इथियोपिया एक परिवार के सदस्यों के रूप में एक साथ खड़े हैं और एक ऐसे विश्व के लिए काम कर रहे हैं जो 'अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समानता मूलक और अधिक शांतिपूर्ण' हो। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद एकजुटता दिखाने और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए इथियोपिया को धन्यवाद दिया।

मोदी ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर और प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं से परिपूर्ण राष्ट्र में उपस्थित होना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, ''भारत की 1.4 अरब जनता की ओर से, मैं मित्रता, सद्भावना और भाईचारे का संदेश लेकर आया हूं।'' उन्होंने कहा कि भारत और इथियोपिया के बीच ''जलवायु और विचारों के मामले में भी समानता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पूर्वजों ने केवल वस्तुओं का ही नहीं बल्कि विचारों और जीवन-शैली का भी आदान-प्रदान किया।

## धोखाधड़ी, जालसाजी मामले में

# महाराष्ट्र के मंत्री कोकाटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**नासिक/भाषा।** महाराष्ट्र के नासिक जिले की एक अदालत ने 1995 के धोखाधड़ी एवं जालसाली मामले में राज्य के खेल मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता माणिकराव कोकाटे के खिलाफ बुधवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह घटनाक्रम नासिक सत्र न्यायालय के मामले में मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा फरवरी में कोकाटे को सुनाई गई दो साल की जेल की सजा को बरकरार रखने के एक दिन बाद सामने आया है। कोकाटे ने 1995 के धोखाधड़ी एवं जालसाजी मामले में अपनी दोषसिद्धि और दो साल की जेल की सजा को बरकरार रखने के सत्र न्यायालय के फैसले के खिलाफ बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया। कोकाटे के वकील अनिकेत निकम ने न्यायमूर्ति आरएन लड्ढा की एकल पीठ के समक्ष याचिका दायर करते हुए इस पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया।



# 'शांति' विधेयक ऐतिहासिक है, राष्ट्र को नई दिशा देगा : सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने संबंधी विधेयक एक ऐतिहासिक कदम है और यह मील का पत्थर साबित होगा तथा राष्ट्र को नई दिशा देगा। उन्होंने 'भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025' को सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही इस तरह के बड़े फैसले ले सकते हैं।



परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री ने कहा, ''यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। संसद के इतिहास में वर्षों बाद कोई ऐसा क्षण आता है जब सदस्यों को ऐसा मौका मिलता है कि वे राष्ट्र की यात्रा को एक नई दिशा दे सकें।'' उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस विधेयक को मील के पत्थर के रूप में उल्लेखित किया जाएगा।

सिंह ने कहा, ''भारत की भौगोलिक स्तर पर भूमिका बढ़ रही है और ऐसे में हमें वैश्विक मानकों के अनुरूप होना होगा...दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बढ़ गया है...बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने उल्लेख किया कि परमाणु ऊर्जा को 100 गीगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य है, जो फिलहाल आठ गीगावाट से अधिक है।

सिंह ने 15 दिसंबर को यह विधेयक लोकसभा में पेश किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11 दिसंबर को इस विधेयक को मंजूरी प्रदान की थी। विधेयक के उद्देश्यों और कारण के अनुसार, इसका मकसद परमाणु ऊर्जा के संवर्धन एवं विकास का प्रावधान करना, परमाणु ऊर्जा उत्पादन तथा स्वास्थ्य देखभाल, खाद्य, जल, कृषि, उद्योग, अनुसंधान, पर्यावरण, परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार के लिए इसका अनुप्रयोग सुनिश्चित करना है।

# अर्थव्यवस्था की रीढ़ है विनिर्माण

## भारत में इसका तंत्र विकसित करने की जरूरत : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि विनिर्माण मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ है, लेकिन भारत में विनिर्माण में गिरावट आ रही है। उन्होंने जर्मनी के शहर म्यूनिख में 'बीएमडब्ल्यू वेल्ट' (बीएमडब्ल्यू का प्रदर्शनी केंद्र) और बीएमडब्ल्यू संयंत्र के दौरे के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत को विकास में तेजी लाने के लिए सार्थक विनिर्माण तंत्र बनाने की जरूरत है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष इन दिनों जर्मनी के दौरे पर हैं।

राहुल गांधी के अनुसार, बीएमडब्ल्यू के संयंत्र दौरे का मुख्य आकर्षण टीवीएस की 450 सीसी मोटरसाइकिल देखना था, जिसे बीएमडब्ल्यू के साथ साझेदारी में विकसित किया गया था। उन्होंने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, ''बीएमडब्ल्यू वेल्ट और बीएमडब्ल्यू संयंत्र के दौरे के साथ जर्मनी के म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू की दुनिया का अनुभव करने का मौका मिला।''

कांग्रेस नेता का कहना है कि बीएमडब्ल्यू के साथ साझेदारी में विकसित टीवीएस की 450 सीसी मोटरसाइकिल को देखना एक मुख्य आकर्षण था। राहुल गांधी ने कहा, ''विनिर्माण मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ है। दुख की बात है कि भारत में विनिर्माण में गिरावट आ रही है। विकास में तेजी लाने के लिए, हमें अधिक उत्पादन करने की जरूरत है - सार्थक विनिर्माण तंत्र बनाने और बड़े पैमाने पर उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा करने की जरूरत है।''

# ट्रेन में निर्धारित सीमा से अधिक सामान ले जाने पर यात्रियों को शुल्क देना होगा : वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद को बताया कि ट्रेन से यात्रा करते समय यात्रियों को निर्धारित सीमा से अधिक सामान ले जाने पर शुल्क देना होगा।

वैष्णव ने तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सांसद वेमिरेड्डी प्रभाकर रेड्डी द्वारा पूछे गए प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह बात कही।

रेड्डी ने जानना चाहा था कि क्या रेलवे, हवाई अड्डों पर अपनाई गई व्यवस्था के अनुरूप ट्रेन यात्रियों के लिए सामान संबंधी नियम लागू करेगा।



वैष्णव ने कहा, ''वर्तमान में, यात्रियों द्वारा डिब्बों के अंदर अपने साथ सामान ले जाने की श्रेणीवार अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है।''

रेल मंत्री द्वारा लिखित उत्तर में साझा की गई जानकारी के अनुसार, द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्री को 35 किलोग्राम वजन तक सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है और शुल्क देकर 70 किलोग्राम तक सामान ले जाया जा सकता है।

वहीं, स्लीपर श्रेणी के यात्रियों के लिए 40 किग्रा सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है और अधिकतम सीमा 80 किग्रा है।

मंत्री द्वारा सदन को उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, 'एसी थ्री टियर' या 'चेयर कार' में यात्रा करने वाले यात्रियों को 40 किग्रा तक निशुल्क सामान ले जाने की अनुमति है, जो इसकी अधिकतम सीमा भी है।

वहीं, प्रथम श्रेणी और 'एसी टू टियर' के यात्रियों को 50 किग्रा तक सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है, जिसकी अधिकतम सीमा 100 किग्रा है। एसी प्रथम श्रेणी के यात्री 70 किग्रा तक सामान निशुल्क ले जा सकते हैं, जबकि शुल्क देकर 150 किग्रा तक सामान ले जाया जा सकता है।

## हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन आईएनएएस 335 'ओस्प्रे' भारतीय नौसेना में शामिल

**पणजी/भाषा।** भारतीय नौसेना ने बुधवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी की उपस्थिति में आईएनएस हंसा नौसैनिक अड्डे पर पनडुब्बी रोधी एमएच-60आर (रोमियो) हेलीकॉप्टरों के दूसरे स्क्वाड्रन-आईएनएएस 335 'ओस्प्रे' को सेवा में शामिल किया। स्क्वाड्रन को औपचारिक सलामी के बाद नौसेना में शामिल किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में नौसेना प्रमुख ने कहा कि बढ़ते राष्ट्रीय समुद्री हितों की सुरक्षा के लिए समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना आवश्यक है। सिंह ने कहा, आज की यह शुरुआत एक बेहद महत्वपूर्ण क्षण में हो रही है - 2025 में भारत सरकार द्वारा 'फ्लीट एयर आर्म' के गठन को मंजूरी दिए जाने के 75 वर्ष पूरे हो गए।

# 6जी तकनीक में हम दुनिया का नेतृत्व करेंगे : ज्योतिरादित्य सिंधिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि संचार की 5जी तकनीक के मामले में भारत की सफलता केवल देश की नहीं बल्कि पूरे विश्व की कहानी बन गई है और भारत 6जी में दुनिया का नेतृत्व करेगा। उन्होंने प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 5जी तकनीक देश की ही नहीं, विश्वव्यापी सफलता की कहानी बन गई है। भारत ने 4जी में दुनिया का अनुसरण किया, 5जी में दुनिया के साथ चला और हम 6जी में विश्व का नेतृत्व करेंगे।''

सिंधिया ने जनता दल (यू) के दिलेश्वर कामैत के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि 2023 में 5जी का क्रियान्वयन शुरू होने से लेकर आज तक करीब 5 लाख बीटीएस (बेस ट्रांसीवर स्टेशनत) लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश के 778 जिलों में से 767 जिलों में 5जी की कनेक्टिविटी उपलब्ध है। सिंधिया के मुताबिक आज देश में कुल मिलाकर 36 करोड़ 5जी उपभोक्ता हैं जिनकी संख्या 2026 तक बढ़कर 42 करोड़ होने और 2030 तक 100 करोड़ होने का पूर्वानुमान है।

मंत्री ने कहा, ''5जी के आधार पर ही हम 6जी की दिशा में निरंतर चल रहे हैं।''

ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में कनेक्टिविटी की समस्या के संबंध में द्रमुक सदस्य कलानिधि मारन के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सिंधिया ने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में सेटेलाइट कनेक्टिविटी की जरूरत है, जहां सामान्य दूरसंचार संपर्क नहीं है।


# अगले साल के अंत तक देशभर में एआई-आधारित डिजिटल टोल संग्रह प्रणाली लागू होगी : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा में बुधवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि बहु लेन निर्बाध परिवहन (एमएलएफएफ) टोल प्रणाली और एआई-संचालित राजमार्ग प्रबंधन देश भर में 2026 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा और इसके लागू होने के बाद ये प्रौद्योगिकी यात्रियों के लिए टोल नाके पर प्रतीक्षा समय को समाप्त कर देंगी।

उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए गडकरी ने कहा कि नई तकनीक एआई-आधारित होगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों को अब टोल नाके पर अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी और इससे 1,500 करोड़ रुपए मूल्य के ईंधन की बचत होगी तथा सरकार के राजस्व में 6,000 करोड़ रुपए की वृद्धि होगी। उन्होंने सदन में कहा, बहु लेन निर्बाध परिवहन टोल (एमएलएफएफ) एक बहुत अच्छी सुविधा है। पहले हमें टोल पर भुगतान करना पड़ता था और इसमें तीन से 10 मिनट लगते थे; फिर फास्टैग के कारण समय घटकर 60 सेकंड या उससे कम हो गया। हमारी आय में कम से कम 5,000 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। एमएलएफएफ आने के बाद, फास्टैग की जगह लेते हुए, अब कारें अधिकतम 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से टोल पार कर सकती हैं और टोल पर किसी को रोका नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास इसे शून्य मिनट तक ले जाने का है और इसमें एआई के साथ उपग्रह के माध्यम से नंबर प्लेट की पहचान और फास्टैग शामिल होगा।



# पांच हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में शून्य छात्र, ऐसे 70% विद्यालय तेलंगाना और प. बंगाल में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र सरकार ने स्वीकार किया है कि देश में 10.13 लाख सरकारी विद्यालयों में से 5,149 विद्यालय में एक भी छात्र नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद इन संस्थानों में बड़ी संख्या में शिक्षक कार्यरत हैं।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2024–25 शैक्षणिक वर्ष में जिन विद्यालयों में एक भी बच्चे का नामांकन नहीं किया गया उनमें 70 प्रतिशत से अधिक स्कूल तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में हैं। पूरे भारत में वर्तमान में 1.44 लाख शिक्षक ऐसे सरकारी विद्यालयों में तैनात हैं, जिनमें 10 से कम छात्र हैं या कोई नामांकन नहीं है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद में साझा किए गए आंकड़ों से यह बात सामने आयी है।

सरकार ने बताया है कि '10 से कम या शून्य नामांकन वाले' विद्यालयों में तीव्र वृद्धि हुई है और पिछले दो साल में ऐसे सरकारी विद्यालयों की संख्या में वृद्धि 24 प्रतिशत रही।

शैक्षिणक वर्ष 2022–23 में इन विद्यालयों की संख्या 52,309 से बढ़कर 2024–25 में 65,054 हो गई।

सरकार ने लोकसभा सदस्य कार्ति पी. चिदंबरम और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के प्रश्नों के लिखित उत्तर में कहा कि ये स्कूल अब देश के कुल सरकारी विद्यालयों का 6.42 प्रतिशत हैं।

तेलंगाना में लगभग 2,081 ऐसे स्कूल हैं, जिनमें नामांकन नहीं है जबकि पश्चिम बंगाल में ऐसे स्कूलों की संख्या 1,571 है।

तेलंगाना के नलगोंडा जिले में राज्य व देश में सबसे अधिक 315 शून्य नामांकन स्कूल दर्ज किए गए। महबूबबाद में 167 और वारंगल में 135 ऐसे स्कूल हैं, जहां नामांकन शून्य है। ये आंकड़े 'यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस' से प्राप्त किए गए हैं। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 211 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें नामांकन नहीं है और ये देश में दूसरे ऐसे सबसे अधिक स्कूल हैं।

पूर्वी मेदिनीपुर में 177 और दक्षिण दिनाजपुर में 147 ऐसे स्कूल हैं, जहां नामांकन शून्य है।

विद्यार्थियों की कमी के बावजूद इन संस्थानों में बड़ी संख्या में शिक्षक कार्यरत हैं। पूरे भारत में वर्तमान में 1.44 लाख शिक्षक ऐसे सरकारी विद्यालयों में तैनात हैं, जिनमें 10 से कम छात्र हैं या कोई नामांकन नहीं है।

वर्ष 2022–23 में यह संख्या 1.26 लाख थी।



## पेंशन की सभी बकाया राशि 2027 तक चुका दी जाएगी : सुक्खू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को कहा कि पेंशन की सभी बकाया राशि 2027 तक चुका दी जाएगी। साथ ही उन्होंने राज्य के आगामी बजट में पेंशनभोगियों के हित में प्रभावी निर्णय शामिल करने का वादा किया।

बिलासपुर जिले के घुमारविन में 'हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स जॉइंट फ्रंट' द्वारा आयोजित 'पेंशनभोगी दिवस' समारोह को संबोधित करते हुए सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के बकाया का भुगतान करने के लिए 2,155 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य गंभीर वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रहा है और उन्होंने पेंशनभोगियों से स्थिति में सुधार के लिए सरकार के प्रयासों का समर्थन करने का आग्रह किया। कर्मचारियों व पेंशनभोगियों के कल्याण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, सुक्खू ने कहा कि वित्तीय चुनौतियों और पिछली भाजपा सरकार से विरासत में मिले 75,000 करोड़ रुपए के ऋण के बावजूद, सत्ता संभालने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में ही सरकार ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल कर दिया। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली से 1.36 लाख कर्मचारियों को सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास मिला है।

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025-26 में लगभग सात प्रतिशत रहने का अनुमान : गोपीनाथ



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर सकती है। यह आंकड़ा अक्टूबर में आईएमएफ के अनुमान 6.6 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है।

टाइम्स नेटवर्क के 'इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025' में उन्होंने कहा कि आईएमएफ ने भारत के वृद्धि के अनुमान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जुलाई–सितंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत वृद्धि दर घोषित होने से पहले लगाए थे। गोपीनाथ ने कहा, ''आईएमएफ का अनुमान 6.6 प्रतिशत था, लेकिन दूसरी तिमाही की वास्तविक वृद्धि दर आठ प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में मैं मानती हूं कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर करीब सात प्रतिशत तक जाएगी।''इस महीने की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक ने भी अपने जीडीपी वृद्धि दर के पूर्वानुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि अगर भारत 20 साल तक करीब आठ प्रतिशत की वृद्धि दर बनाए रख सकता है तो 2047 के लक्ष्यों के बहुत करीब पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के लिए लगातार सुधारों की जरूरत है।

गोपीनाथ ने कहा कि भारत इस समय अमेरिका–भारत व्यापार संकट से पहले की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

भारत–अमेरिका व्यापार वार्ता पर उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और दोनों देशों को सहयोग करके आपसी सहमति से समाधान निकालना चाहिए।

## राष्ट्रीय राजमार्ग की 574 परियोजनाएं समय से पीछे : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने बुधवार को संसद में बताया कि 3.60 लाख करोड़ रुपए की लागत वाली निर्माणाधीन 574 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के कार्यान्वयन में देरी हुई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्ष में आवंटित इन 574 विलंबित परियोजनाओं में से 300 में एक साल से कम की देरी हुई है। उन्होंने बताया कि 253 परियोजनाओं में एक से तीन साल तथा 21 परियोजनाओं में तीन साल से अधिक की देरी हुई है।

गडकरी ने बताया कि लगभग एक लाख करोड़ रुपए की लागत वाली 133 राजमार्ग परियोजनाओं को आवंटित तो कर दिया गया है, लेकिन भूमि अधिग्रहण और वन एवं वन्यजीव विभाग से मंजूरी जैसे पूर्व–आवश्यक शर्तों के पूरा नहीं होने के कारण काम शुरू होने की तारीख की घोषणा नहीं की जा सकी है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर बाधाओं को दूर करने के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाने की खातिर कदम उठाए हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के उत्तर में कहा कि चालू वित्त वर्ष (अक्टूबर 2025 तक) में 3,468 किमी राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि 2025–26 के लिए 10,000 किमी निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। वित्तवर्ष 2024–25 के दौरान 10,420 किमी के लक्ष्य के मुकाबले 10,660 किमी का निर्माण किया गया था। गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों के विश्लेषण से सुधार के संकेत मिले हैं। उन्होंने कहा कि 2018 में प्रति 10,000 वाहन पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर 5.8 थी जो घटकर 2022 में 4.3 हो गई।

## बिरला ने की शिक्षा मंत्री के साथ बैठक, आईआईआईटी-कोटा को सशक्त बनाने पर जोर दिया



**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ बैठक कर अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी में उच्च शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान–कोटा (आईआईआईटी–कोटा) को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक आईआईआईटी–कोटा के सुदृढ़ीकरण और विस्तार तथा कोटा–बूंदी क्षेत्र में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक उन्नत बनाने पर केंद्रित रही।

बिरला ने कहा, ''कोटा देश का एक प्रमुख शैक्षणिक केंद्र है, जहां सड़क और रेल संपर्क मजबूत है, आने वाले वर्षों में एयर कनेक्टिविटी भी सुगम हो जाएगी। हर वर्ष लगभग डेढ़ लाख विद्यार्थी आईआईटी एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा आते हैं। ऐसे में आईआईआईटी–कोटा को और अधिक सशक्त एवं उन्नत बनाया जाना समय की आवश्यकता है।'' विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधान ने इस पर कहा कि आगामी 10 वर्षों में आईआईआईटी–कोटा में विद्यार्थियों की क्षमता 25 हज़ार तक किए जाने की योजना बनाई जाएगी। बिरला ने अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का विषय भी प्रमुखता से रखा।

## मप्र को आत्मनिर्भर बनाकर ही दम लेंगे : मुख्यमंत्री यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने पिछले दो वर्षों में ऐसे–ऐसे निर्णय लिए हैं, जो आने वाले समय में 'मील का पत्थर' साबित होंगे।

मध्यप्रदेश की प्रथम विधानसभा की बैठक के 70 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र की एकदिवसीय बैठक में यादव ने राज्य को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का संकल्प पेश करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ''अभी–अभी हमारी सरकार ने दो वर्ष पूरे किये हैं और मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं कि हम सबने मिलकर ऐसे निर्णय लिये हैं, जो आज तो थोड़े से कम लगेंगे लेकिन आने वाले समय में ये 'मील के पत्थर' के रूप में जाने जाएंगे।'' यादव ने दावा किया कि ये फैसले जनता के जीवन का बदलाव का हिस्सा बनेंगे, उनका कष्ट कम होगा और खुशियां अपार होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षों तक मध्यप्रदेश की पहचान बीमारू राज्य के रूप में रही लेकिन भाजपा की सरकारों ने उसे विकासशील होते राज्य के साथ ही विकसित राज्य की दहलीज पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा, ''हमें पूरा भरोसा है कि हम लोग राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में आगे ले जाएंगे। यह संकल्प हमारा है।''

## 'ऑपरेशन सिंदूर' मसले पर अपने बयान पर कायम हूं : पृथ्वीराज चव्हाण



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने बुधवार को कहा कि वह अपने इस बयान पर कायम है कि सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के पहले दिन पाकिस्तान के साथ हवाई संघर्ष में भारत को ''पूरी तरह से हार'' का सामना करना पड़ा था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अप्रैल में जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारतीय सैन्य अभियान पर अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया।

चव्हाण ने मंगलवार को पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया था कि सात मई को (पाकिस्तान के साथ) लगभग आधे घंटे तक चले हवाई संघर्ष में भारत को ''पूरी तरह से हार'' का सामना करना पड़ा था।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था, ''आप इस बात पर विश्वास करें या न करें, उस दिन एक भी विमान ने उड़ान नहीं भरी... ग्वालियर हो, बठिंडा हो या सिरसा, हर जगह विमान को मार गिराए जाने की आशंका थी, इसलिए भारतीय वायुसेना को उड़ान भरने से रोक दिया गया।''

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने चव्हाण पर निशाना साधते हुए कांग्रेस पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सैन्य कार्रवाई पर सवाल उठाना सशस्त्र बलों का मनोबल गिराने के समान है।

भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख घटक दल शिवसेना के प्रमुख नेता ने कहा, ''यह आलोचना राष्ट्र प्रेम से नहीं, बल्कि पाकिस्तान प्रेम से उपजी है।''

चव्हाण हालांकि अपने रुख पर अडिग रहे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''माफी मांगने का तो सवाल ही नहीं उठता। संविधान ने मुझे सवाल पूछने का अधिकार दिया है।''

## विशेष सैन्य ट्रेन के माध्यम से कश्मीर पहुंचे टैंक और तोपें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** भारतीय सेना ने एक विशेष सैन्य ट्रेन के माध्यम से कश्मीर घाटी में टैंक और तोपखाने पहुंचाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जो देश के सबसे उत्तरी हिस्से तक सेना की तेज पहुंच और मजबूत रसद क्षमता दर्शाती है। उत्तरी रेलवे ने अब तक कश्मीर से सेबों, वाहनों और सीमेंट की ढुलाई के लिये कंटेनर–आधारित मालगाड़ी का इस्तेमाल किया है जो घाटी में व्यापार व उद्योग को मजबूती देने की दिशा में एक अहम पहल है। अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''भारतीय सेना ने 16 दिसंबर 2025 को एक विशेष सैन्य ट्रेन के माध्यम से कश्मीर घाटी में टैंक और तोपखाने पहुंचाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

पोस्ट में कहा गया है कि अभ्यास के हिस्से के तहत जम्मू क्षेत्र से टैंक, तोपें और बुलडोजर को कश्मीर के अनंतनाग तक सफलतापूर्वक पहुंचाया गया।

## आंध्र प्रदेश: मुख्यमंत्री ने नए मेडिकल कॉलेजों के लिए पीपीपी मॉडल का बचाव किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेजों के विकास के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि इससे कुशल सेवाएं सुनिश्चित होंगी।

यहां सचिवालय में आयोजित जिलाधिकारियों के पांचवें सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने पीपीपी मॉडल के तहत 10 मेडिकल कॉलेजों के विकास जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दे पर बात की, जिसका वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी ने कड़ा विरोध किया है। सरकार के अनुसार, ये 10 मेडिकल कॉलेज पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान केंद्र द्वारा स्वीकृत 17 कॉलेजों का हिस्सा थे।

नायडू ने कहा, ''पीपीपी मॉडल के माध्यम से सेवाएं बेहतर होंगी। कुछ लोग कहते हैं कि मेडिकल कॉलेजों का निजीकरण किया जा रहा है। यद्यपि इनका निर्माण पीपीपी मॉडल के तहत किया जा रहा है और ये सरकारी कॉलेजों की तरह ही संचालित होंगे।'' मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि मेडिकल कॉलेजों के नियम सरकार द्वारा निर्धारित किए जाएंगे और उनकी 70 प्रतिशत सेवाएं एनटीआर वैद्य सेवा योजना (कल्याणकारी स्वास्थ्य योजना) के अंतर्गत उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सीट संख्या भी बढ़ाई गई है। केंद्र सरकार द्वारा पीपीपी मॉडल के तहत परियोजनाओं को शुरू करने का जिक्र करते हुए नायडू ने कहा कि उन्हें आलोचना से डर नहीं लगता और जनता को सच्चाई बतायी जानी चाहिए। वाईएसआरसीपी पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान विशाखापत्तनम में 'रुशिकोंडा पैलेस' पर 500 करोड़ रुपए खर्च किए गए, जिससे दो मेडिकल कॉलेजों का निर्माण किया जा सकता था।

## संसद ने बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई के प्रावधान वाले विधेयक को दी मंजूरी

**नई दिल्ली/भाषा।** संसद ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रावधान वाले विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी तथा सरकार ने दावा किया कि इस विधेयक के प्रावधानों से देश के बीमा क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। राज्यसभा ने 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' पर चर्चा और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इसे ध्वनि मत से स्वीकृति दे दी। इसके साथ ही सदन ने विपक्ष द्वारा पेश विभिन्न संशोधनों को खारिज कर दिया। इन संशोधनों में विधेयक को प्रवर समिति में भेजने का प्रस्ताव भी शामिल था। लोकसभा इस विधेयक को एक दिन पहले ही पारित कर चुकी है।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि बीमा विधेयक में अब तक 12 बार संशोधन हो चुके हैं तथा संशोधन भी कई तरह के होते हैं और ये देश की तरक्की एवं बीमा क्षेत्र की जरूरतों को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में आम लोगों और किसानों की सुरक्षा के उपाय किए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि इस विधेयक के प्रावधानों से देश के बीमा क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। सीतारमण ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों की सुरक्षा के पुख्ता प्रावधान किए गए हैं।

## टेस्ला ने गुड़गांव में पहला चार्जिंग स्टेशन शुरू किया

**नई दिल्ली/भाषा।** इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला ने बुधवार को गुड़गांव के डीएलएफ होराइजन सेंटर में अपना पहला चार्जिंग स्टेशन शुरू किया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह महत्वपूर्ण कदम भारत में मजबूत चार्जिंग अवसंरचना बनाने के लिए टेस्ला की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे ग्राहकों को सहज और टिकाऊ परिवहन समाधान मिलेंगे।

टेस्ला इंडिया के महाप्रबंधक शरद अग्रवाल ने कहा, ''कंपनी का मानना है कि संपूर्ण परिवेश बनाना जरूरी है। हमारा मिशन टिकाऊ भविष्य की ओर तेजी से बदलाव लाना है और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को अपनाना काफी हद तक इसके परिवेश पर निर्भर करता है। इसलिए केवल कार ही नहीं, बल्कि चार्जिंग अवसंरचना भी महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा कि कंपनी ग्राहकों की जीवनशैली के अनुरूप चार्जिंग अवसंरचना तैयार करने की कोशिश कर रही है।

## पैरी हत्याकांड में दिल्ली पुलिस ने बिश्नोई गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने आरजू–अनमोल बिश्नोई–हैरी बॉक्सर गिरोह से जुड़े पांच कथित 'शूटर' को लॉरेंस बिश्नोई के पूर्व सहयोगी इंदरप्रीत सिंह उर्फ पैरी की हत्या मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान पीयूष पिपलानी (28), अंकुश सोलंकी (23), कुंवरबीर (30), लवप्रीत सिंह (26) और संतोख उर्फ कपिल खत्री (29) के रूप में हुई है। उन पर कई चर्चित अपराधों में शामिल होने का आरोप है, जिनमें एक दिसंबर को प्रतिद्वंद्वी गैंगस्टर पैरी की हत्या भी शामिल है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दो अलग–अलग अभियानों में उन्हें गिरफ्तार किया गया। इंदरप्रीत सिंह उर्फ पैरी की एक दिसंबर को चंडीगढ़ के सेक्टर–26 में एक क्लब से निकलने के बाद हत्या कर दी गई थी। पैरी जब अपनी 'एसयूवी' में बैठा था तभी हमलावरों ने उस पर करीब से गोलियां चलाई और फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल पैरी को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने इस हत्या के पीछे गिरोहों के बीच आपसी दुश्मनी को कारण बताया था। पैरी की हत्या में पिपलानी मुख्य शूटर था और वह इस साल की शुरुआत में पंचकूला में राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी सोनू नोल्टा की हत्या में भी शामिल था।

## वेदांता का कारोबार विभाजन मार्च तक पूरा हो जाएगा, हरेक कंपनी बनेगी वेदांता : चेयरमैन अग्रवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** खनन से लेकर धातु तक सक्रिय वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि विभिन्न कारोबारों के विभाजन को पूरा करने के लिए मार्च, 2026 तक लक्ष्य रखा गया है, जिसके बाद पांच स्वतंत्र, सूचीबद्ध और विशेष क्षेत्र आधारित कंपनियां वजूद में आ जाएंगी। अग्रवाल ने कहा कि कारोबार विभाजन वेदांता के हरेक व्यवसाय को बढ़ने का मौका देगा और हरेक नवगठित कंपनी अपनी मूल कंपनी के बराबर होने की क्षमता रखेगी।



राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने एक दिन पहले ही वेदांता की कारोबार विभाजन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत बुनियादी धातु कारोबार वेदांता लिमिटेड के पास ही रहेगा जबकि वेदांता एल्युमिनियम, तलवंडी साबो पावर, वेदांता स्टील एंड आयरन और माल्को एनर्जी अन्य चार स्वतंत्र कंपनियां होंगी। अग्रवाल ने कहा, वेदांता बरगद के एक विशाल पेड़ की तरह है। हरेक व्यवसाय में अपार संभावनाएं हैं और प्रत्येक व्यवसाय खुद एक बरगद बन सकता है। मेरी दृष्टि है कि हर कंपनी वेदांता के बराबर राजस्व में बढ़े। असल में, हम पांच और वेदांता बना रहे हैं, जिससे शेयरधारकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, कारोबार विभाजन की प्रक्रिया के अगले तीन–चार महीनों में पूरा हो जाने की संभावना है। इसके लिए मार्च, 2026 तक का लक्ष्य रखा गया है।

अग्रवाल ने कारोबार विभाजन की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वैश्विक स्तर पर ज्यादातर बड़ी संसाधन कंपनियां विशेष व्यवसायों में काम करती हैं, और यह पुनर्गठन इसी मॉडल के अनुरूप है।




# कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने मनरेगा विवाद व नेशनल हेराल्ड मामले में विरोध-प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा मौजूदा ग्रामीण रोजगार कानून 'मनरेगा' को बदलने के कदम के खिलाफ बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को रुपये के नोट से महात्मा गांधी की तस्वीर हटाने की चुनौती भी दी। यहां सुवर्ण विधान सौधा में गांधी प्रतिमा के सामने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में नेशनल हेराल्ड मामले में पार्टी नेतृत्व के खिलाफ कथित ''नफरत की राजनीति'' का भी विरोध किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में मंत्रियों, कांग्रेस विधायकों और विधान परिषद सदस्यों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सिद्दरामय्या ने नफरत की राजनीति करने और सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं पर झूठे मामले थोपकर दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, ''नेशनल हेराल्ड मामले में निचली अदालत द्वारा ईडी के आरोपपत्र को खारिज करने से एक बार फिर यह उजागर होता है कि मोदी सरकार ने राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग कैसे किया है।'' उन्होंने कहा, ''इसी संदर्भ में हमने आज बेलगावी के सुवर्ण सौध स्थित गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार की प्रतिशोध की राजनीति की कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की धमकियों के सामने हम सोनिया गांधी और उनके परिवार के साथ नैतिक रूप से पूरी तरह खड़े हैं।'' उन्होंने भाजपा पर गरीबों के लाभ के लिए काम करने के बजाय नामों को बदलने पर ध्यान केंद्रित करने का भी आरोप लगाया। इस बीच शिवकुमार ने भाजपा को रुपये के नोट पर महात्मा गांधी की तस्वीर बदलने की चुनौती दी।

उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, 'मनरेगा को बदलना एक राष्ट्रीय समस्या है। मनरेगा हमें संविधान के माध्यम से मिला है। यह संविधान संशोधन है। आप संविधान संशोधन को बदल नहीं सकते। अगर भाजपा में हिम्मत है तो वह रुपये के नोट से गांधी जी की तस्वीर हटा दे। हम देखते हैं। हम इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे।' कांग्रेस यह विरोध प्रदर्शन तब कर रही है जब सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' पेश किया, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर लाया गया है। साथ ही दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पांच अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा लगाए गए धन शोधन के आरोप का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया।

राज्य के बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एम. बी. पाटिल ने यहां पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस कार्यक्रम की सफलता को पचा नहीं पाई और इसलिए उन्होंने अब इसका नाम बदल दिया है। उन्होंने कहा, वर्तमान में चल रहा यह सफल कार्यक्रम डॉ. मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी द्वारा शुरू किया गया था। यह कार्यक्रम बहुत सफल रहा, जिससे उन लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला जो काम के लिए दूसरे राज्यों और गांवों में नहीं जा सकते थे। साथ ही गांवों में विकास भी हुआ।

उन्होंने कहा कि यह भारत के इतिहास का सबसे सफल कार्यक्रम था। भाजपा इसे पचा नहीं पाई और अब उन्होंने इसका नाम बदल दिया है। उन्होंने कहा, जब इस योजना में महात्मा गांधी का नाम पहले से ही मौजूद था -राष्ट्रपिता जिन्होंने हमें आजादी दिलाई, तो उनका नाम क्यों हटाया गया? भाजपा हताश है; वे योजना की सफलता को बर्दाश्त नहीं कर सके और इतना नीचे गिर गए।

राज्य के जिला और तालुक केंद्रों पर भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई है। पार्टी राज्य विधानसभा में भी इन मुद्दों को उठाने की योजना बना रही है। कांग्रेस यह विरोध प्रदर्शन तब कर रही है जब सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' पेश किया, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर लाया गया है। साथ ही दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पांच अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा लगाए गए धन शोधन के आरोप का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर बुधवार को बेलगाम में सुवर्ण विधान सौधा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में और बाद में मीडिया से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार। यंग इंडिया मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं के खिलाफ ईडी के झूठे मामले की निंदा की। इस मौके पर मंत्री के.जे. जॉर्ज, एच.के. पाटिल, ईश्वर खंड्रे, मुनियप्पा, बोसराजू, एम.सी. सुधाकर, बैराती सुरेश और अन्य मंत्रियों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

## विपक्ष ने विधान परिषद के सत्र में मंत्रियों के शामिल न होने पर कांग्रेस सरकार की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को ''गैर जिम्मेदार'' करार देते हुए विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (यूनाइटेड) ने बुधवार को सत्तारूढ़ दल के सदस्यों पर आरोप लगाया कि वे यहां विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए विधान परिषद की कार्यवाही में शामिल नहीं होकर सदन का बहुमूल्य समय बर्बाद कर रहे हैं। जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो सत्ता पक्ष की सीट खाली थीं और मंत्री सतीश जारकीहोली सरकार के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे।

इससे विपक्षी सदस्य नाराज हो गए, जिन्होंने कांग्रेस सरकार पर सदन और राज्य की जनता विशेषकर उत्तरी कर्नाटक के लोगों का ''अपमान'' करने का आरोप लगाया क्योंकि बेलगावी में शीतकालीन सत्र के दौरान इस क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हो रही है। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा मौजूदा ग्रामीण रोजगार कानून मनरेगा' को बदलने के कदम और नेशनल हेराल्ड मामले में पार्टी नेतृत्व के खिलाफ कथित ''नफरत की राजनीति'' के विरोध में बुधवार सुबह यहां विधान सौधा परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया थां विपक्ष के नेता चालवाड़ी नारायणस्वामी ने सरकार की नैतिकता पर सवाल उठाए। जद(एस) विधान परिषद सदस्य सरवण ने कहा, सरकार की गैरजिम्मेदारी देखिए, ''मंत्री और सदन के नेता समेत सत्ताधारी दल के सदस्य उपस्थित नहीं हैं। अगर उनका यही रवैया है, तो क्या वे उत्तरी कर्नाटक क्षेत्र के साथ न्याय करेंगे?''

सरकार का बचाव करते हुए मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा, ''हमने विरोध प्रदर्शन किया... प्रधानमंत्री खुद संसद नहीं जाते बल्कि संसद सत्र के दौरान विदेश चले जाते हैं।'' इस पर भाजपा सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया, जिससे सदन में हंगामा मच गया। उपाध्यक्ष एम. के. प्रणेश ने सदन को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया।

## कर्नाटक के रेशम उत्पादक जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के कारण परेशान होने का मुद्दा उठा रास में

नई दिल्ली/बेंगलूरु। कर्नाटक में रेशम उत्पादन करने वाले किसानों की समस्याएं उठाते हुए राज्यसभा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के एक सदस्य ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के कारण राज्य के सिल्क उत्पादक खासी परेशानी का सामना कर रहे हैं। शून्यकाल में भाजपा के जगेश ने कर्नाटक में रेशम उत्पादन करने वाले किसानों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य में 15 लाख लोग सिल्क उत्पादन में लगे हैं और बरसों से वह लोग यह काम करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा लेकिन आज जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के कारण कर्नाटक के रेशम उत्पादक खासी परेशानी का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय पर मजदूरों का अभाव, उर्वरकों की अत्यधिक कीमत और अन्य समस्याएं उनकी परेशानी को बढ़ा रही हैं।

उन्होंने मांग की कि रेशम के न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए और छोटे किसानों के लिए बाजार व्यवस्था सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को रेशम उत्पादकों के लिए एक लक्षित नीति बनानी चाहिए ताकि सेरीकल्चर को बढ़ावा मिल सके।

## विशेष अभियान के दौरान गांजा जब्त

बेंगलूरु। कर्नाटक के कारागारों में पिछले 36 घंटों के दौरान चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत मोबाइल फोन और गांजा सहित कई प्रतिबंधित वस्तुएं जब्त की गई हैं।

कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक आलोक कुमार ने बुधवार को यह जानकारी दी। कुमार ने बताया कि बेंगलूरु जेल से छह मोबाइल फोन और चार चाकू जब्त किए गए, जबकि मैसूर जेल से नौ मोबाइल फोन और 11 सिम कार्ड बरामद किए गए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, बेलगावी जेल से चार मोबाइल फोन और 366 ग्राम गांजा जब्त किया गया।

दक्षिण पश्चिम रेलवे
निविदा सूचना सं: CAO/CN/BNC/156/2025
दिनांक: 04.11.2025 के लिए
शुद्धिपत्र
भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|
| शिवमोग्गा - शृंगेरी - मंगलूरु (332 किमी.), तालगुप्पा - होन्नावरा (95 किमी.), आलमट्टी - यादगिरी (162 किमी.) और भद्रावती - चिक्कजाजूर (73 किमी.) के बीच नई लाईन के तहत अंतिम लोकेशन सर्वेक्षण करना। (निविदा संदर्भ सं.: SWR-FLS-RATECONTRACT-03) | रु. 33,52,62,609/- |

| अंतिम तिथि | |
|---|---|
| मौजूदा | संशोधित |
| 15.12.2025 (15:00 बजे तक) | 24.12.2025 (15:00 बजे तक) |

विवरण के लिए लॉग ऑन करें www.ireps.gov.in में
उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/कार्य/ बेंगलूरु छावनी
PUB/738/AAMO/PRB/SWR/2025-26
अनारक्षित टिकटों की बुकिंग में आसानी के लिए गूगल प्ले स्टोर से यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड करें
South Western Railway - SWR | SWRRLY | SWRAILWAYHQ | sw_railways

### मुलाकात



नई दिल्ली में बुधवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद बसवराज बोम्मई ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और कई विषयों पर चर्चा की।

## गृह लक्ष्मी योजना की गलत जानकारी पर मंत्री लक्ष्मी मांगें माफी, वर्ना भाजपा करेगी प्रदर्शन : आर. अशोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेलगावी। कर्नाटक सरकार में महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर की ओर से गृह लक्ष्मी योजना पर दी गई गलत जानकारी पर सियासत गर्मा गई है। भाजपा ने कहा है कि यदि वह माफी नहीं मांगती हैं, तो पार्टी धरना प्रदर्शन करेगी। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार ने गृह लक्ष्मी गारंटी योजना के तहत बकाया किस्त जारी करने में विफल रहकर गरीब महिलाओं के साथ धोखा किया है। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने गलत जानकारी देकर विधानसभा को गुमराह किया। अशोक ने कहा कि कई जिलों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि सबूत के तौर पर आठ जिलों से संबंधित दस्तावेज जमा किए हैं। सरकार को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अगर इस मुद्दे का समाधान नहीं किया गया तो भाजपा धरना प्रदर्शन करने से पीछे नहीं हटेगी।

अशोक ने कहा, चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान बयान देते समय मंत्री लक्ष्मी ने झूठ बोला, और हमने इसका खुलासा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री हेब्बालकर पिछले तीन-चार दिनों से सदन से अनुपस्थित हैं और विपक्ष के बार-बार अनुरोध के बावजूद सत्र में शामिल नहीं हुई हैं। अशोक ने टिप्पणी की, क्या वह चांद पर चली गई हैं? अशोक ने दावा किया कि सरकार ने इस योजना के तहत परिवार की महिला मुखियाओं को वादा किए गए 2,000 रुपए की फरवरी और मार्च की किस्त जारी नहीं की हैं, जो लगभग 5,000 करोड़ रुपए की हैं।

उन्होंने कहा कि जबकि सरकार ने बाद के महीनों के लिए भुगतान जारी किया, लेकिन वह पहले के बकाया का भुगतान करने में विफल रही, जो उनके अनुसार लाभार्थियों के साथ धोखा था। अशोक ने आरोप लगाया कि मंत्री ने सदन को बताया कि सभी किस्तें जारी कर दी गई हैं, जो उन्होंने कहा कि झूठा और गुमराह करने वाला था। मंत्री से माफी की मांग करते हुए, अशोक ने कहा कि 5,000 करोड़ रुपए कोई छोटी रकम नहीं है और सरकार की मंशा पर सवाल उठाया। उन्होंने तर्क दिया कि अगर सरकार ईमानदार होती, तो उसे अप्रैल और मई के पेमेंट जारी करने से पहले फरवरी और मार्च का बकाया चुका देना चाहिए था।

इस बीच, अशोक ने मनरेगा योजना के नामकरण से जुड़े केंद्र के फैसले का भी स्वागत किया और कहा कि महात्मा गांधी भगवान राम का सम्मान करते थे और कल्याणकारी योजनाओं को भगवान राम से जोड़ने में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा महात्मा गांधी और भगवान राम के आदर्शों का पालन करती है और इसी संदर्भ में केंद्र के फैसले का समर्थन किया।

## बौद्ध भिक्षुओं को मासिक मानदेय देने पर विचार कर रही है सरकार

बेलगावी। कर्नाटक सरकार ने बुधवार को कहा कि राज्य भर के विहारों (मठों) में सेवा कर रहे बौद्ध भिक्षुओं को मासिक मानदेय प्रदान करने का प्रस्ताव विचाराधीन है और इस पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने विधान परिषद में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान की ओर से एमएलसी शिवकुमार के. द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी।

## अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के रेस्तरां पर निर्धारित समय का उल्लंघन करने पर मामला दर्ज

बेंगलूरु। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी द्वारा सह-स्थापित एक प्रतिष्ठित रेस्तरां पर निर्धारित समय सीमा के बाद खुले रखने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 11 दिसंबर को यहां सेंट मार्क्स मार्ग पर स्थित बैस्चन नामक रेस्तरां को कथित तौर पर नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया।

उन्होंने बताया कि यह रेस्तरां निर्धारित समय से अधिक समय तक खुला था और वहां देर रात तक पार्टियां आयोजित की जा रही थीं। पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में रेस्तरां के प्रबंधक और कर्मचारियों के खिलाफ कब्बन पार्क पुलिस थाने में कर्नाटक पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। प्राथमिकी के अनुसार, 11 दिसंबर को पुलिस अधिकारी थाना क्षेत्र में विशेष गश्ती ड्यूटी पर थे। इस दौरान एक मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उन्होंने संबंधित रेस्तरां का निरीक्षण किया। प्राथमिकी में कहा गया, देर रात करीब 1.30 बजे जब शिकायतकर्ता रेस्तरां पहुंचा, तो उसने पाया गया कि रेस्तरां का प्रबंधक सरकार द्वारा निर्धारित समय से अधिक समय तक अनधिकृत रूप से उसे संचालित कर रहा था।

## बेलगावी राज्य की दूसरी राजधानी है, इसका भविष्य अच्छा है : डीके शिवकुमार

बेलगावी। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा, बेलगावी राज्य की दूसरी राजधानी है, इसका भविष्य अच्छा है। इसके विकास के लिए ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने बुधवार सुबह बेलगावी के अशोक सर्कल पर सफ़ाई अभियान को हरी झंडी दिखाई और बात की। हम सब पर बड़ी ज़िम्मेदारी है। हमारे लिए सभी धर्म और जातियाँ एक जैसी हैं। हम हर चीज़ में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी हमें मौका मिला, पर्यावरण की रक्षा के लिए हमारी सरकार की योजनाओं के तहत हम सभी को ग्रांट दी गई है। बैराती सुरेश के शहरी विकास मंत्री बनने के बाद, उन्होंने कई योजनाओं के ज़रिए इस शहर को लगभग 200 करोड़ रुपये की ग्रांट दी है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इस इलाके के विकास और रोज़गार देने के लिए ज़रूरी कदम उठाएगी। आइए हम हाथ मिलाएं और मिलकर कदम उठाएं। उन्होंने कहा, सौ साल पहले, महात्मा गांधीजी ने आज़ादी की लड़ाई को लीड किया था। पिछले साल, इसकी सौवीं सालगिरह के मौके पर, हम बेलगाम आए और गांधी भारत नाम का एक प्रोग्राम किया। उनका मकसद साफ़-सफ़ाई और पर्यावरण की रक्षा करना था। उन्होंने कहा, जब मैं छोटा था तो क्रॉस-कंट्री दौड़ता था। अब मैं बूढ़ा हो गया हूँ। लेकिन मेरा मन भी उतना ही जवान है जितना आपका। मैं जितना हो सके उतना दौड़ूंगा। मैं आपके अच्छे होने की कामना करता हूँ।



बेलगावी में सफाई अभियान जागरूकता को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार

### बधाई



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर चार्ज संभालने वाले नितिन नबीन से बुधवार को नई दिल्ली में भाजपा के मुख्यालय में मुलाकात करते हुए कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा। विजयेन्द्र ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। नितिन नबीन को भाजपा पार्टी के इतिहास में सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी संभालने वाले सबसे कम उम्र के लीडर होने का गौरव हासिल है।

अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
(एएनआरएफ/आरडीआईएफ/02/2025)
के अंतर्गत
अनुसंधान विकास और नवाचार कोष (आरडीआईएफ)
एक स्वतंत्र व्यावसायिक इकाई

भारत सरकार ने निजी क्षेत्र संचालित अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रु. 1 लाख करोड़ की अनुसंधान विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय का विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) इस योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग है। आरडीआई योजना दो स्तरीय फंडिंग संरचना के माध्यम से संचालित होगी। पहले स्तर पर, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) के भीतर आरडीआई फंड नामक एक विशेष प्रयोजन निधि (एसपीएफ) की स्थापना की गई है, जो रु. 1 लाख करोड़ के कोष का संरक्षक होगा। आरडीआईएफ द्वितीय-स्तरीय फंड प्रबंधकों (एसएलएफएम) को नियुक्त करेगा जो वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ), विकास वित्त संस्थान (डीएफआई), गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां (एनबीएफसी), और अन्य हो सकते हैं। एसएलएफएम बदले में लंबी अवधि के कम ब्याज वाले ऋण या इक्विटी के रूप में निजी क्षेत्र को वित्तपोषण प्रदान करेंगे।

आरडीआईएफ, एएनआरएफ के अंतर्गत एक स्वतंत्र व्यावसायिक इकाई होगी। आरडीआईएफ की प्रशासनिक संरचना में एएनआरएफ की कार्यकारी परिषद (ईसी), ईसी की विशेषज्ञ समिति के रूप में कार्यरत एक ईएसी और ईडी आईआरडीआईएफ के नेतृत्व में एक प्रबंधन दल शामिल होगा, जिसका संचालनात्मक स्वरूप एएनआरएफ के मूल कार्यों से अलग होगा। ईडी आरडीआईएफ, आरडीआईएफ के समग्र प्रबंधन के लिए उत्तरदायी होगा। ईसी, आरडीआईएफ और प्रबंधन दल के अन्य सदस्यों की नियुक्ति करने वाला प्राधिकारी होगा। ईडी आरडीआईएफ, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के ईसी को रिपोर्ट करेगा।

आरडीआईएफ योजना को कार्यान्वित करने के लिए आरडीआईएफ प्रबंधन टीम स्थापित करने हेतु निम्रलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| सं. | पद के नाम (संविदात्मक पद) | पदों की संख्या | प्रति वर्ष निश्चित वार्षिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यकारी निदेशक | 01 | रु. 1.20 करोड़ से रु. 1.50 करोड़ |
| 2. | निदेशक (निवेश) | 01 | रु. 1.0 करोड़ से रु. 1.20 करोड़ |
| 3. | निदेशक (साझेदारी और बाजार निर्माण) | 01 | रु. 1.0 करोड़ से रु. 1.20 करोड़ |
| 4. | निदेशक (वित्त) | 01 | रु. 1.0 करोड़ से रु. 1.20 करोड़ |
| 5. | प्रधान (साझेदारी और बाजार निर्माण) | 01 | रु. 40 लाख -रु. 48 लाख |
| 6. | वशिष्ठ वित्तीय प्रबंधक | 01 | रु. 40 लाख -रु. 48 लाख |
| 7. | वरिष्ठ विधिक प्रबंधक | 01 | रु. 40 लाख -रु. 48 लाख |
| 8. | वरिष्ठ प्रशासनिक प्रबंधक | 01 | रु. 40 लाख -रु. 48 लाख |
| 9. | प्रधान (निवेश) | 01 | रु. 40 लाख -रु. 45 लाख |
| 10. | एसोसिएट/वरिष्ठ एसोसिएट | | |
| | (i) वरिष्ठ एसोसिएट | 01 | रु. 40 लाख -रु. 48 लाख |
| | (ii) एसोसिएट | 01 | रु. 30 लाख-रु. 36 लाख |
| 11. | विश्लेषक | 01 | रु. 10 लाख |

- विस्तृत विज्ञापन, जिसमें पात्रता मानदंड, आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, चयन प्रक्रिया, संविदात्मक नियुक्तियों के नियम और शर्तें, आवेदन कैसे करें, आदि जैसे अन्य विवरण शामिल हैं, हमारी वेबसाइटों: www.serb.gov.in / www.dst.gov.in / wwwrdifund.anrf.gov.in पर उपलब्ध है।

आवेदन कैसे करें

पात्र और इच्छुक आवेदक पोर्टल पर वेब पोर्टल https://recruitment-rdif.anrf.gov.in/ के माध्यम से निम्रलिखित को अपलोड करते हुए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं:

- अद्यतन सीवी (पीडीएफ प्रारूप में)
- उद्देश्य का विवरण, जिसमें भूमिका के लिए उनका अनुभव और उपयुक्तता बताई गई हो (पीडीएफ प्रारूप में)।

आवेदन प्राप्त करने की आखिरी तारीख 15 जनवरी, 2026 है।

संयुक्त सचिव
एएनआरएफ,
भारत सरकार,
नई दिल्ली

CBC 36130/11/0005/2526

# सातवीं पास तस्कर के करोड़ों के साम्राज्य पर पुलिस का शिकंजा

बाल मुकुंद जोशी
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पुलिस के 'ऑपरेशन दिव्य प्रहार' के तहत नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़े ड्रग तस्कर का पर्दाफाश हुआ है।महज सातवीं कक्षा तक पढ़ा, 28 वर्षीय सोहैल खान उर्फ सोहैल लाला नशे के काले कारोबार से करोड़ों की संपत्ति खड़ी कर चुका था। फिलहाल वह एक युवक की हत्या के मामले में जेल में बंद है और उसकी करोड़ों की संपत्तियां पुलिस ने सील कर दी हैं। डग थाना क्षेत्र के पठारी मौहल्ले का रहने वाला सोहैल खान उन 71 तस्करों में शामिल है, जिनकी 125 करोड़ रुपये से अधिक की 107 संपत्तियों को झालावाड़ पुलिस ने फ्रीज किया है। सोहैल की ही बात करें तो उसकी कुल 18 संपत्तियों को सील किया गया है, जिनकी अनुमानित कीमत 10 करोड़ 38 लाख 30 हजार रुपये बताई जा रही है।

## अपराध की दुनिया में उतरने की कहानी

पुलिस जांच में सामने आया है कि सोहैल के पिता नियामत खान की वर्ष 2020 में हार्ट अटैक से मौत हो गई थी।नियामत भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। सोहैल की प्रारंभिक पढ़ाई डग के कमला कॉन्वेंट स्कूल में हुई, जहां वह सातवीं तक पढ़ा। आठवीं कक्षा में अंजुमन स्कूल में दाखिला लिया, लेकिन इसी दौरान उसके पिता को गरोठ में पेट्रोल पंप लूट के मामले में जेल जाना पड़ा। पिता के जेल जाने के बाद सोहैल ने पढ़ाई छोड़ दी और अपराध की राह पकड़ ली। पिता के जेल से लौटने तक सोहैल हथियारों की तस्करी और छोटी-मोटी वारदातों से घर चलाने लगा था। वर्ष 2013 में डग कस्बे में एक युवक को जीप से टक्कर मारने के मामले में उसके खिलाफ पहला केस दर्ज हुआ।

## हथियारों से ड्रग तस्करी तक का सफर

पिता की मौत के बाद जल्दी अमीर बनने की चाह में सोहैल ने ऑटोमैटिक पिस्टल और हथियारों की तस्करी शुरू की। वर्ष 2020 में उसने कोतवाली थाने के एक मुखबिर का पिस्टल की नोक पर अपहरण किया। इस मामले में वह कुछ समय जेल में रहा और जमानत पर बाहर आया। वर्ष 2021 में डग कस्बे में एक व्यक्ति के हाथ-पैर तोड़ने और 2022 में पिस्टल सप्लाई के मामलों में भी उसका नाम सामने आया।रामगंज मंडी जेल में बंद रहने के दौरान उसकी पहचान बड़े ड्रग तस्करों से हुई। यहीं से उसने एमडी ड्रग्स की तस्करी शुरू की और मध्यप्रदेश बॉर्डर के जरिए राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र तक नेटवर्क फैला लिया. पुलिस के अनुसार, वह इंदौर से एमडी ड्रग्स की खेप लाता था।

## करोड़ों की संपत्ति, लग्जरी गाड़ियां जब्त

एमडी ड्रग्स की कमाई से सोहैल ने इकोस्पोर्ट, बलेनो, स्कॉर्पियो, थार सहित कई लग्जरी गाड़ियां और रॉयल एनफील्ड बाइक खरीदी। पुलिस ने उसकी 50 लाख रुपये की कृषि भूमि, 50 लाख रुपये से अधिक कीमत के प्लॉट, कई कारें और दो बाइक जब्त की हैं।

## हत्या के बाद टूटा नेटवर्क

24 अप्रैल 2025 को डग कस्बे में मामूली कहासुनी के बाद सोहैल ने फोटोग्राफर शंभूसिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद कस्बे में दो पक्षों के बीच भारी बवाल, आगजनी और तनाव की स्थिति बन गई थी। तीन दिन बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल वह जेल में बंद है।



# हनुमानगढ़ में इथेनॉल कारखाने के विरोध में किसानों की महापंचायत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में प्रस्तावित इथेनॉल कारखाने के विरोध में किसानों ने बुधवार को शहर की धान मंडी में महापंचायत की। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के समर्थन से हो रही यह महापंचायत टिब्बी गांव के राठी खेड़ा में इथेनॉल कारखाना लगाए जाने विरोध में की जा रही है।

प्रस्तावित कारखाना चंडीगढ़ की एक कंपनी द्वारा लगाया जा रहा है और किसानों का आरोप है कि इससे इलाके में प्रदूषण और भूजल दूषित होगा। इस बीच, वन एवं पर्यावरण विभाग ने इथेनॉल कारखाने से संभावित भूजल प्रदूषण और प्रदूषण की जांच के लिए समिति का गठन किया है।

अधिकारियों ने बताया कि इस समिति की अध्यक्षता बीकानेर के संभागीय आयुक्त करेंगे। वन एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव इसके सदस्य सचिव होंगे। इस समिति के सदस्यों में हनुमानगढ़ के जिलाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ पर्यावरण इंजीनियर और भूजल विभाग के मुख्य अभियंता शामिल हैं। समिति अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगी।

किसान राठीखेड़ा में प्रस्तावित इथेनॉल कारखाने के लिए करार (एमओयू) को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही वे किसानों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने और टिब्बी में हुई झड़पों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग कर रहे हैं। इस महापंचायत को देखते हुए प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। धान मंडी के मुख्य द्वार को छोड़कर सभी गेट बंद कर दिए गए हैं। मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। कई स्तरों पर अवरोधक लगाए गए हैं और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस वाहन लगातार गश्त कर रहे हैं।

इस साल जुलाई में जब कंपनी ने प्रस्तावित जगह पर चारदीवारी बनाना शुरू किया तो विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। दस दिसंबर को किसानों ने टिब्बी में उपखंड कार्यालय के सामने बड़ी सभा की। शाम तक सैकड़ों किसान ट्रैक्टरों के साथ कारखाना स्थल पर पहुंचे, दीवार तोड़ दी और पुलिस से भिड़ गए।

## दर्शन



पाली ज़िले के ग्राम कंटालिया में बुधवार को जैन श्वेतांबर तेरापंथ संप्रदाय के ग्यारहवें आचार्य परम पूजनीय गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के पावन दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करती उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी।

# जल जीवन मिशन में कथित गड़बड़ी के मामले में पांच लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जल जीवन मिशन में कथित गड़बड़ी के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसीबी के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी की एसआईटी ने आरोपी गणपति ट्यूबवेल के प्रोपराइटर महेश कुमार मित्तल, हेमन्त मित्तल उर्फ गोलू, श्याम ट्यूबवेल के उमेश कुमार शर्मा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के तत्कालीन लेखाधिकारी गोपाल कुमावत व श्याम ट्यूबवेल के प्रोपराइटर (मालिक) पीयूष जैन को आज गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में दर्ज मुकदमे के अनुसार फर्म श्याम ट्यूबवेल, इसके प्रोपराइटर पदम चन्द जैन व गणपति ट्यूबवेल तथा इसके प्रोपराइटर महेश कुमार मित्तल ने पीएचईडी के अधिशाषी अभियंता माया लाल सैनी (खण्ड बहरोड), सहायक अभियंता राकेश चौहान (उपखण्ड नीमराना) व कनिष्ठ अभियंता प्रदीप कुमार (उपखण्ड नीमराना) से मिलीभगत कर जल जीवन मिशन परियोजना में निविदा प्राप्त की थी।

ऐसा आरोप है कि इन्होंने काम में अनियमितता व घटिया कार्य कर मनमानी तरीके से 'मेजरमेंट बुक' भरकर राजकोष से करोड़ों रुपये प्राप्त किये। इन सभी लोगों की आपसी बातचीत एसीबी द्वारा रिकॉर्ड की गई है जिसमें इनकी मिलीभगत होने के साक्ष्य मिले है। आरोपियों की बातचीत से इनके द्वारा राजकोष से अनियमितता कर धनराशि प्राप्त करने और विभागीय अधिकारियों को रिश्वत देकर अनुचित निजी लाभ कमाने का पता चला है। टीम ने इस मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों को आज जयपुर के अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ कर मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# राजस्थान के राजस्व में हुई वृद्धि - पिछले साल की तुलना में 14 हजार 200 करोड़ का अधिक राजस्व

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया और गुड गवर्नेंस के संकल्प को साकार करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने राजस्व सुधार और वृद्धि के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। डिजिटलाइजेशन और तकनीक के प्रयोग से जीएसटी, स्टैम्प, पंजीकरण, आबकारी, खनन, ऊर्जा तथा परिवहन जैसे क्षेत्रों में पारदर्शिता आई है। सरकार के नियमों एवं आदेशों की पालना सुनिश्चित हुई है तथा फर्जी बिलिंग और अवैध खनन जैसी गतिविधियों पर नियंत्रण लगा है। इससे राजस्व संग्रह दक्षता बढ़ी है तथा प्रदेश की वित्तीय क्षमता में वृद्धि हुई है। राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास कर टैक्स और नॉन टैक्स श्रेणियों में संरचनात्मक सुधारों को अमल में लाया गया, डिजिटल मॉनिटरिंग सुनिश्चित की गई तथा डेटा के आधार पर कार्य योजनाएं बनाई गई। इसी का परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के कुल राजस्व में पिछले वर्ष की तुलना में 12.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।



राज्य सरकार ने टैक्स एवं नॉन-टैक्स दोनों श्रेणियों में व्यापक सुधार करते हुए डिजिटल निगरानी और डेटा एनालिटिक्स का प्रभावी उपयोग किया है। इसके साथ ही फर्जी बिलिंग, अवैध खनन तथा अन्य राजस्व लीकेज गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण स्थापित किया गया है। इन प्रयासों से राजस्थान के राजस्व संग्रह में निरंतर और मजबूत वृद्धि संभव हुई है। प्रदेश को पिछले वर्ष की तुलना में 14 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है।

विभाग द्वारा रेवेन्यू इंटेलीजेंस आधारित विश्लेषण को सुदृढ़ कर 45 से अधिक डेटा ड्रिवन रिपोटर्स तैयार की गई, जिनसे फर्जी बिलिंग की पहचान संभव हुई और इस पर प्रभावी रोक लगी। इसके अतिरिक्त ई-वे बिल मिलान, रिटर्न प्रोफाइलिंग तथा आधुनिक आईटी टूल्स के माध्यम से हाई रिस्क करदाताओं की निगरानी कर आवश्यक कार्रवाई की गई। आईटी आधारित निगरानी से संदिग्ध एवं फर्जी पंजीकरणों की पहचान कर उन्हें निरस्त करने की कार्रवाई भी की गई, जिससे कर प्रणाली अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनी है। राज्य सरकार द्वारा आईटीएमएस जैसे नवाचारों के माध्यम से व्यापारियों के लिए फाइलिंग प्रक्रिया को सरल और सहज बनाया गया है। इससे व्यापारियों द्वारा राजस्व नियमों की अनुपालना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

पिछले दो वर्षों में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण, परिवहन और बिक्री पर नियंत्रण के लिए इंटेलिजेंस आधारित सघन अभियान चलाए गए हैं। इन कार्रवाईयों के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध शराब की जब्ती और अवैध भट्टियां को नष्ट कर तस्कर गिरोहों पर कठोर कार्रवाई की गई, जिससे राजस्व लीकेज को प्रभावी रूप से रोका गया।

राज्य सरकार द्वारा तकनीकी सुधारों को अपनाते हुए ई-एक्साइज प्रणाली, क्यूआर आधारित ट्रैकिंग, डिजिटल परमिट सिस्टम और एंड-टू-एंड सप्लाई चेन मॉनिटरिंग को लागू किया। विभाग द्वारा इन तकनीकी सुधारों से आबकारी व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी और अनुपालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।



# सरकार हर घर तक नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ी है : रावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बुधवार को जल भवन में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेस की। उन्होंने वर्तमान सरकार के 2 साल के सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व पर आभार व्यक्त किया। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जल परियोजनाओं को लेकर अहम निर्णय लिए गए हैं। सरकार सकारात्मक और दूरगामी सोच के साथ हर घर तक नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ी हैं। जल जीवन मिशन के तहत गत सरकार ने प्रति वर्ष औसतन 1000 गांवों के अनुसार 5 वर्षों में 5 हजार 27 गांवों में 39.28 लाख कनेक्शन देकर 19 हजार 500 करोड़ रुपए (औसतन प्रति वर्ष 3900 करोड़) व्यय किए थे। वहीं, हमारी सरकार ने 4000 गांव प्रति वर्ष अनुसार 2 वर्ष में ही 7 हजार 900 से अधिक गांवों में 13.78 लाख कनेक्शन दे दिए हैं। इन पर प्रति वर्ष 5300 करोड़ रुपए के अनुसार 10 हजार 612 करोड़ रुपए व्यय हुआ। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि मिशन के तहत शेष कनेक्शन देने की प्रक्रिया तेजी से बढ़ी है, आगामी दो वर्षों में सभी कनेक्शन जारी कर दिए जाएंगे। अमृत 2.0 के तहत आमजन और जनप्रतिनिधियों के सुझाव लेकर कार्यों को गति दी जा रही हैं। अब तक 175 नगरीय निकायों के लिए 54 निविदाएं आमंत्रित की गई। इनमें से 104 निकायों की 32 निविदाओं में 1174.45 करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। शेष 73 निकायों के लिए 2521.42 करोड़ रुपए की 22 निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी है। चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार जीरो टोलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाईयां कर रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत कार्यों में अनियमितता की शिकायतों पर अविलम्ब जांच कराई गई। जनवरी 2024 से दिसम्बर 2025 तक सीसीए नियम-16 के तहत 86, सीसीए नियम-17 में 50, सीसीए नियम-16 एवं 17 के तहत प्रशासनिक विभाग को 52 आरोप पत्र प्रस्तावित किए गए हैं।



# भाजपा ज्वाइन करते ही सारे पाप माफ हो जाते हैं : जूली

जयपुर। राजस्थान कांग्रेस ने बुधवार को जयपुर में बीजेपी मुख्यालय के घेराव के लिए कूच किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा भ्रष्टाचार के आरोप तो लगाती है, लेकिन जो व्यक्ति भाजपा ज्वाइन कर लेता है, उसके सारे पाप माफ हो जाते हैं। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी से 55-55 घंटे तक पूछताछ की गई और उन्हें लगातार परेशान किया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार विपक्षी नेताओं को डराने और दबाने के लिए ईडी सहित केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बजरंग सिंह, एसीपी आदित्य पुनिया, एसीपी राजेन्द्र सिंह सहित कई थानाधिकारी मौके पर तैनात रहे।

# जोधपुर में तैनात होंगे अमेरिका से आए 3 नए अपाचे हेलीकॉप्टर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/जोधपुर। भारत और अमेरिका के बीच अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों को लेकर हुई डील का एक और चरण पूरा हो गया है। अमेरिका से आज तीन नए अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर भारत के हिंडन एयरबेस पहुंचे। इन अत्याधुनिक हेलीकॉप्टरों की तैनाती राजस्थान के जोधपुर एयरबेस पर की जाएगी, जिससे भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता में और इजाफा होगा। ये अपाचे हेलीकॉप्टर अत्याधुनिक रडार, नाइट विजन सिस्टम और घातक हथियारों से लैस हैं। इनकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि ये दुश्मन की नजर में आए बिना सटीक और विनाशकारी हमला करने में सक्षम हैं। रेगिस्तान और सीमावर्ती इलाकों में इन हेलीकॉप्टरों की तैनाती से भारत की पश्चिमी सीमा की सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार अपाचे हेलिकॉप्टर आधुनिक युद्ध में बेहद कारगर माने जाते हैं। ये हेलीकॉप्टर टैंक रोधी मिसाइलों, रॉकेट सिस्टम और उन्नत गन सिस्टम से लैस होते हैं, जिससे जमीन पर मौजूद दुश्मन के ठिकानों को कुछ ही पलों में तबाह किया जा सकता है। इसके साथ ही खराब मौसम और रात के समय भी ये हेलिकॉप्टर प्रभावी ढंग से ऑपरेशन करने में सक्षम हैं।

हिंडन एयरबेस पर पहुंचने के बाद आवश्यक तकनीकी जांच और औपचारिकताओं के बाद इन तीनों अपाचे हेलिकॉप्टरों को जोधपुर एयरबेस भेजा जाएगा। वहां इन्हें भारतीय वायुसेना के बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल किया जाएगा।

अपाचे हेलीकॉप्टरों की यह खेप भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग को भी और मजबूत करती है। जोधपुर में इनकी तैनाती से वायुसेना को सीमावर्ती क्षेत्रों में त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करने में बड़ी मदद मिलेगी, जिससे देश की सुरक्षा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।



# पर्यावरण संरक्षण और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वीर गाथाएं समाज के लिए महत्वपूर्ण : देवनानी

जयपुर/दक्षिण भारत। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का बुधवार को विधान सभा में उदयपुर की स्वंयसेवी संस्थाओं ने मेवाडी पगड़ी व दुपट्टा पहनाकर, शॉल ओढाकर और आकाशीय अभिनन्दन पत्र भेंट कर अभिनन्दन किया।

अभिनन्दन पत्र में उल्लेख किया गया है कि राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी प्रदेश के प्रमुख राजनैतिज्ञ और अजमेर उत्तर से 2003 से लगातार विधायक पद पर निर्वाचित होने का रिकार्ड हासिल करने वाले शिक्षाविद मंगलमैत्री के अनुयायी, करूणा के सागर, सामाजिक कार्यों के प्रेणेता, वाक शैली और बुद्धि चातुर्य के पर्याय, सेवा व कर्त्तव्य के आयाम स्थापित करने वाले राजनीति के सशक्त हस्ताक्षर और सहज, सौम्य व्यक्तित्व व गहन चिन्तन के कीर्ति स्तम्भ है।

स्पीकर देवनानी ने वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान, उदयपुर को वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए मिले लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस का अवलोकन किया। देवनानी ने संस्था को मिले इस पुरस्कार के लिए संस्था पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। देवनानी ने मनोहर लाल व्यास, गोपेश शर्मा, यशवन्त त्रिवेदी और नीलेश पालीवाल को वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए मेवाडी पगडी और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने भारत के स्वतंन्त्रता संग्राम के गुमनाम शहीदों और स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों की वीरगाथा को 21 हजार फीट लंबी कपडे की पट्टी पर उकेरने वाले उदयपुर के मनोज आंचलिया और श्रीमती सीमा वेद को भी मेवाडी पगडी और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।




# अधिकारी योजनाओं को तेजी और बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें : नीतीश कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिला पदाधिकारियों से सरकार की योजनाओं को तेजी और बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बिहार को देश के सर्वाधिक पांच विकसित राज्यों में शामिल करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तय योजनाओं पर युद्धस्तर पर काम करते हुए उन्हें समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने गयाजी स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में आयोजित 'मंथन 2025' दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करने बाद उन्हें संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यशाला में राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिला पदाधिकारियों ने भाग लिया। कुमार ने अधिकारियों से कहा कि वे पूरी संवेदनशीलता, लगन और ईमानदारी के साथ जनकल्याण के लिए कार्य करें। जनता को प्रशासन से अपेक्षाएं होती हैं इन अपेक्षाओं पर खरा उतरना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ और प्रतीक चि  भेंट कर सम्मानित किया गया।

उन्होंने 'मंथन 2025' में शामिल सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिला पदाधिकारियों के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने बिपार्ड परिसर में संवाद वाटिका, योगा परिसर, बिपार्ड लॉन, नक्षत्र वन, पुनर्योजित ब्रह्मयोनि सरोवर, हॉर्स राइडिंग ट्रैक, पुस्तकालय (विक्रमशिला), मोटर वाहन प्रशिक्षण केंद्र, अंतरिक्ष गैलरी, बिपार्ड दीर्घा और उत्कृष्टता केंद्र का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया।

# 'पीएसी का 78 वर्ष का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण से परिपूर्ण रहा है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) बल का 78 वर्ष का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण से परिपूर्ण रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश पीएसी के स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत के अवसर पर जवानों से अपील की कि साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता व कठिन प्रशिक्षण ही उनकी पहचान बननी चाहिए।

आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार आश्वस्त करती है कि उन्हें मिलने वाले सम्मान व सरकारी सुविधाओं में निरंतर वृद्धि होती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश में आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज है। कानून का राज ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। सुशासन में ही निवेश सुरक्षित हो सकता है और सुरक्षित निवेश ही युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बन सकता है। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने पीएसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया। उन्होंने 78 वर्ष के गौरवशाली इतिहास के लिए पीएसी को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पीएसी आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, प्रदेश में महत्वपूर्ण त्योहारों, अतिविशिष्ट व्यक्तियों के आगमन और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सुनिश्चित करने के साथ ही संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्चे पर कार्य करता है। मुख्यमंत्री ने पीएसी के अदम्य साहस का उल्लेख करते हुए बताया कि 30वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया और पांचों आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया। जुलाई 2005 में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर पर आतंकी हमले के दौरान सीआरपीएफ, पीएसी और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी आतंकियों को मार गिराया था। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पीएसी की 46 कंपनियों को पुनर्जीवित करते हुए राज्य में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखी है।



## प्रधानमंत्री को इथियोपिया का सर्वोच्च पुरस्कार मिलना भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है : शाह

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इथियोपिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जाना वैश्विक कूटनीति में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है और यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। मोदी को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि किसी देश द्वारा प्रधानमंत्री को दिया गया यह 28वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व और राजनयिक कौशल की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहचान को रेखांकित करता है।

शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को इथियोपिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने पर हार्दिक बधाई। यह उनके नेतृत्व में वैश्विक कूटनीति के क्षेत्र में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारत और इथियोपिया के बीच मित्रता में एक मील का पत्थर होगा। मोदी को यह पुरस्कार मंगलवार को इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा अदीस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि यह सम्मान भारतइथियोपिया साझेदारी को मजबूत करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असाधारण योगदान और एक वैश्विक राजनेता के रूप में उनके दूरदर्शी नेतृत्व के सम्मान में प्रदान किया गया है।

# कभी धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में पहचाने जाने वाले नीतीश कुमार अब अपना असली रंग दिखा रहे : अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर मुस्लिम महिला का नकाब हटाने को लेकर निशाना साधा और कहा कि वह (नीतीश) धीरे-धीरे अपना असली रंग दिखा रहे हैं।

अब्दुल्ला ने एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा, कभी धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में पहचाने वाले नीतीश कुमार अब धीरे-धीरे अपना असली रंग दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला चिकित्सक का नकाब हटाना गलत था और इसे किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता।

अब्दुल्ला ने कहा, हमने इस तरह की घटना कई साल पहले भी देखी है। क्या आप भूल गए हैं कि महबूबा मुफ्ती ने मतदान केंद्र के अंदर एक वैध मतदाता का बुर्का कैसे हटाया था? वह कृत्य गलत था और कुमार का यह कृत्य भी गलत है। उन्होंने कहा, अगर (बिहार के) मुख्यमंत्री उस (मुस्लिम महिला) को नियुक्ति पत्र नहीं सौंपना चाहते थे, तो वे उसे अलग रख सकते थे। लेकिन इस तरह उसका अपमान करना सरासर गलत है।

# अगले दो दशकों में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता तय करेगी वृद्धि की रफ्तार : सीईए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और प्रासंगिकता क्षमता अगले 20 वर्षों में भारत के जनसांख्या संबंधी लाभांश को वृद्धि का इंजन बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

नागेश्वरन ने उद्योग मंडल 'सीआईआई' की तरफ से उच्च शिक्षा पर आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि भारत में उच्च शिक्षा सुधार के अगले चरण की कुंजी राज्यों के पास है। उन्होंने शिक्षकों की कमी को तत्काल दूर करने की जरूरत पर जोर देते हुए उद्योग एवं व्यावहारिक अनुभव रखने वाले विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति जैसे विकल्पों को अपनाने का सुझाव भी दिया। नागेश्वरन ने कहा कि राज्यों के लिए अन्य प्रमुख प्राथमिकताओं में प्रशासनिक नियंत्रण से आगे बढ़कर संरक्षण एवं मार्गदर्शन की भूमिका निभाना, इनपुट आधारित नियमन से हटकर परिणाम एवं गुणवत्ता पर आधारित नियमन, सार्वजनिक प्रशासन में उद्यमशील दृष्टिकोण अपनाना और संस्थानों को उनकी भूमिका एवं प्रदर्शन के आधार पर वित्तपोषण शामिल है। सीईए ने कहा, भारत इस समय जनसांख्यिकीय और आर्थिक मुहाने पर खड़ा है। अगले दो दशकों में लाखों युवा कामकाजी उम्र में प्रवेश करेंगे। जनसंख्या का यह लाभांश आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देगा या सामाजिक दबाव का कारण बनेगा, यह काफी हद तक हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता और प्रासंगिकता पर निर्भर करेगा। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) ने सुधारों के लिए रास्ता खोला है और नियामकीय सोच में बदलाव आ रहा है, लेकिन अब जरूरत प्रभावी क्रियान्वयन, संस्थागत साहस और सहकारी संघवाद की है। उन्होंने पाठ्यक्रम निर्माण, शोध और शासन में उद्योग की गहरी भागीदारी का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उद्योग पाठ्यक्रम को मिलकर डिजाइन कर सकता है, क्रेडिट-आधारित इंटर्नशिप दे सकता है, अनुप्रयुक्त शोध में सहयोग कर सकता है और बुनियादी ढांचा साझा कर सकता है।

## माइक्रोफाइनेंस कंपनियों से त्रस्त हैं लोग, सरकार नहीं लगा रही उत्पीड़न पर लगाम : बिहार कांग्रेस



**पटना/भाषा।** बिहार कांग्रेस ने माइक्रोफाइनेंस कंपनियों (एमएफआई) पर गरीब और कमजोर वर्गों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य सरकार इन पर लगाम लगाने में पूरी तरह विफल रही है। पार्टी ने मुजफ्फरपुर में अमरजीत पासवान और उनकी तीन बेटियों की मौत के मामले में दोषी माइक्रोफाइनेंस कंपनियों को चि त कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बुधवार को पीड़ितों के परिजन से मुलाकात के बाद कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में शोकाकुल परिवार की पीड़ा का उल्लेख करते हुए राज्य सरकार से न्याय की मांग की। राम ने कहा कि भूख, कर्ज और आर्थिक तंगी के हालात में एक पिता द्वारा अपने बच्चों समेत मौत को गले लगाना अत्यंत पीड़ादायक है और इसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है, जो गरीब और पिछड़े वर्ग को सम्मानजनक जीवन जीने की गारंटी देने में असफल रही है।

# 'सरकार ने महात्मा गांधी के रामराज्य से जुड़े विचारों को नष्ट किया'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने बुधवार को लोकसभा में आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर दूसरा विधेयक लाकर और इससे राष्ट्रपिता का नाम हटाकर उनके रामराज्य से जुड़े विचारों का नष्ट किया है। उन्होंने 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी दावा किया कि महात्मा गांधी का नाम हटाना न सिर्फ उनका, बल्कि रवींद्रनाथ टैगोर का भी अपमान है, जिन्होंने सबसे पहले उन्हें (गांधी को) 'महात्मा' कहा था।

महुआ ने दावा किया कि बिना किसी से विचार-विमर्श किए मनरेगा को निरस्त करने के लिए यह विधेयक लाया गया। उन्होंने कहा, ''रवींद्रनाथ टैगोर ने मोहन दास करमचंद गांधी को सबसे पहले महात्मा कहा था... इसलिए नाम बदला जाना सिर्फ महात्मा गांधी का ही नहीं, बल्कि गुरुदेव (टैगोर) का भी अपमान है।'' तृणमूल सांसद ने रामराज्य पर महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि विधेयक का नाम बदलकर गांधीजी के रामराज्य के विचार को नष्ट कर दिया है। महुआ ने दावा किया कि विधेयक में 92 बार गारंटी शब्द का इस्तेमाल किया गया है, लेकिन विधेयक कोई गारंटी प्रदान नहीं करता।

उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल को मनरेगा के बकाये की राशि नहीं दी गई, जबकि तृणमूल के सांसदों ने हर स्तर पर यह मांग उठाई। तृणमूल सांसद ने कहा कि बकाये की राशि जल्द जारी की जानी चाहिए।

## भाजपा की सोशल मीडिया पोस्ट पर सियासी घमासान, तेजस्वी यादव को बताया 'लापता'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**पटना/भाषा।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को लापता बताए जाने से संबंधित भारतीय जनत पार्टी (भाजपा) की एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बिहार भाजपा की सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है, लापता की तलाश! नाम-तेजस्वी यादव, पहचान-नौवीं फेल, आखिरी बार कब देखा गया-मीडिया से मुंह छिपाकर भागते हुए।

इस मुद्दे पर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भी आक्रामक प्रतिक्रिया दी। जदयू के विधान परिषद सदस्य और प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जो छात्र पढ़ाई में रुचि नहीं रखते, वे अक्सर स्कूल से भागते हैं और तेजस्वी यादव भी उसी तरह 'स्कूल से भागे हुए नेता' हैं। उन्होंने दावा किया कि बिहार की जनता ने उन्हें राजनीतिक रूप से नकार दिया है और यही वजह है कि वे सार्वजनिक जीवन से दूरी बनाए हुए हैं। कुमार ने कहा, तेजस्वी यादव के पिता को ही यह नहीं पता कि उनका बेटा कहां है, तो प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल क्या जानकारी देंगे। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में सवाल उठाया कि तेजस्वी यादव आखिर किस 'ग्रह' पर हैं।

कुमार ने कटाक्ष करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव खुद बिहार की राजनीति के लिए एक 'ग्रह' बन चुके हैं, जो केवल बाधा उत्पन्न करता है। बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के करीब 20 दिन बाद, चार दिसंबर को तेजस्वी यादव यूरोप गए थे। इस दौरान उनकी पत्नी और दोनों बच्चे भी उनके साथ थे।

नेता प्रतिपक्ष होने के बावजूद उन्होंने विधानसभा के तीन दिवसीय सत्र में भी भाग नहीं लिया, जिसे लेकर सत्ता पक्ष लगातार निशाना साध रहा है।

# गांधी, अंबेडकर और नेहरू से नफरत ही भाजपा-आरएसएस की विचारधारा का मुख्य तत्व : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह के पिछले साल संसद में दिए गए बयान का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि महात्मा गांधी, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर और पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाम और उनकी विचारधारा से नफ़रत ही भाजपा एवं आरएसएस की विचारधारा का मुख्य तत्व है। पार्टी ने कहा कि भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले इन नामों को हटाकर कोई नया भारत नहीं बनाया जा सकता। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि गांधी, अंबेडकर एवं नेहरू के नाम, उनकी विचारधारा तथा उनके नाम लेने वालों से यह चिढ़ व नफ़रत समय-समय पर सामने आती रहती है।

पिछले साल शीतकालीन सत्र के दौरान कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि शाह ने राज्यसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' विषय पर दो दिन तक चली चर्चा का जवाब देते हुए अपने संबोधन के दौरान बाबासाहेब का अपमान किया। मुख्य विपक्षी दल ने शाह के संबोधन का एक वीडियो अंश भी जारी किया था जिसमें गृह मंत्री विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए यह कहते सुने जा सकते हैं कि ''अभी एक फैशन हो गया है- अंबेडकर, अंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।''बाद में शाह ने कहा था कि कांग्रेस उनके कथन तोड़-मरोड़ रही है।

## सरकार ने मनरेगा को धीरे-धीरे कमजोर किया, गरीब और किसान विरोधी सोच : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को धीरे-धीरे कमजोर करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि मौजूदा अधिनियम से महात्मा गांधी का नाम हटाते हुए नया विधेयक लाना सरकार की ''गरीब, किसान और मजदूर विरोधी सोच'' को दर्शाता है। लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ने नये कानून में राज्यों के 40% अंशदान वाले प्रावधान का उल्लेख किया और कहा कि सरकार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की तरह राज्यों पर 10% भार ही रखना चाहिए। इससे पहले, विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए सदन में रखते हुए ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह विधेयक विकसित भारत के लिए विकसित गांवों के निर्माण का विधेयक है, जिसमें 100 दिन की रोजगार की गारंटी 125 दिन की कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के स्थान पर लाया गया यह विधेयक केवल रोजगार का विधेयक नहीं है, बल्कि महात्मा गांधी के स्वावलंबी और रोजगारयुक्त गांव बनाने के सपनों का विधेयक है।

## वाराणसी के मठों और मंदिरों को कुर्की नोटिस भेजे जाने पर संत समाज ने जताई नाराजगी

**वाराणसी/भाषा।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी नगर निगम द्वारा शहर के कई मठों और मंदिरों को बकाया करों के भुगतान में देरी के लिए कुर्की नोटिस जारी करने पर संत समाज ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। पातालपुरी मठ के महंत बालक देवाचार्य ने इसे अभूतपूर्व करार देते हुए बुधवार को कहा कि काशी में कई मठों और मंदिरों को इस सप्ताह की शुरुआत में आवास कर, जल कर और सीवर कर के बकाया के लिए कुर्की नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि संभवतः देश के इतिहास में यह पहली बार था जब मठों और मंदिरों को कुर्की नोटिस जारी किए जा रहे थे।

देवाचार्य ने कहा कि केवल पातालपुरी मठ को ही दो लाख रुपए से अधिक के कर बकाया के लिए कुर्की नोटिस प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मठों और मंदिरों को कर के दायरे में नहीं लाया जाना चाहिए और चेतावनी दी कि यदि इस मुद्दे का जल्द से जल्द समाधान नहीं किया गया तो संत समाज आंदोलन शुरू करेगा। वाराणसी नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि मठों को नियमों के अनुसार नोटिस जारी कर दिए गए हैं।

## गिल को सीधी गेंदों का बेहतर ढंग से सामना करना होगा : बांगड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने बुधवार को कहा कि सीधी गेंदों को नहीं खेल पाने की शुभमन गिल की कमजोरी चिंता का सबब है । गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 शृंखला के तीन मैचों में 32 रन ही बना सके हैं । जियोस्टार पर गेम प्लान कार्यक्रम में बांगड़ ने कहा कि आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर गिल सहज लग रहे हैं लेकिन सीधी गेंदों को नहीं खेल पा रहे हैं ।

बांगड़ ने कहा ,'' शुरूआत में उसका फुटवर्क काफी सकारात्मक था लेकिन 28 से ज्यादा मैचों में अगर तीन या चार बाउंड्री निकाल दें तो सीधी गेंदों को वह नहीं खेल पा रहा है । सीधी गेंदों के सामने उसका स्ट्राइक रेट बहुत खराब है ।'' उन्होंने युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की तारीफ करते हुए कहा ,'' वह काफी आक्रामक सोच के साथ खेलता है । उसमें गेंद को पीटने की क्षमता है, खासकर कवर्स के ऊपर से जो खास कौशल है ।'' बांगड़ ने हार्दिक पंड्या के हरफनमौला योगदान की भी तारीफ की । उन्होंने कहा ,'' पंड्या के हरफनमौला प्रदर्शन से टीम को संतुलन मिलता है ।''

# मेस्सी के कार्यक्रम में हुए विवाद के लिए शुभेंदु ने बंगाल के दो मंत्रियों की गिरफ्तारी की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के मंत्रियों अरूप बिस्वास और सुजीत बोस की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि 13 दिसंबर को साल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की मौजूदगी वाले बहुप्रचारित फुटबॉल आयोजन के दौरान, जहां दर्शकों की व्यापक तोड़फोड़ देखने को मिली, इन दोनों मंत्रियों ने अनावश्यक रूप से सुर्खियां बटोरीं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) अधिकारी ने लगभग 30 भाजपा विधायकों के साथ औचक दौरा कर वहां हुए नुकसान का जायजा लेने की कोशिश की, लेकिन प्रवेश द्वार बंद होने के कारण वह स्टेडियम में प्रवेश नहीं कर पाए।

इसके बाद उन्होंने स्टेडियम के बगल में स्थित बिधाननगर पुलिस आयुक्त के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया और तोड़फोड़ व हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किए गए सभी छह दर्शकों की रिहाई की मांग की। अधिकारी ने कहा, मेस्सी के कार्यक्रम के टिकटों की बिक्री में घोटाला हुआ जिसकी रकम करोड़ों में बताई जा रही है और तृणमूल कांग्रेस को उसके मंत्रियों, अरूप बिस्वास और सुजीत बोस के जरिए यह रकम मिली। स्टेडियम में मची अफरा-तफरी, जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पश्चिम बंगाल को शर्मिंदा किया, इसलिए फैली क्योंकि ये मंत्री और उनके परिवार के सदस्य फुटबॉल सितारों के आसपास एकत्र होकर सेल्फी लेने में व्यस्त थे। मेरी मांग है कि इन दोनों मंत्रियों को गिरफ्तार किया जाए।

विपक्ष के नेता ने यह भी मांग की कि कार्यक्रम के टिकटों का मूल्य उन दर्शकों को तुरंत वापस किया जाए, जो गैलरी में प्रवेश के लिए भारी रकम चुकाने के बावजूद अपने पसंदीदा फुटबॉल खिलाड़ी की एक झलक पाने से वंचित रह गए।

अधिकारी ने दो अन्य अधिवक्ताओं के साथ मिलकर कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर इस घटना की शर्मनाक विफलता में न्यायिक हस्तक्षेप का आग्रह किया गया है और राज्य सरकार के अधिकारियों से मुक्त एक स्वतंत्र जांच समिति गठित करने की भी प्रार्थना की गई है ताकि अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी दोनों का पता लगाया जा सके।

## रामराज्य लाने, महात्मा गांधी के सपनों को पूरा करने के लिए है जी राम जी विधेयक : भाजपा



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' देश में रामराज्य लाने और महात्मा गांधी के सपनों को पूरा करने के लिए लाया गया है। विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रभु राम चाहते थे तो मंदिर बन गया और अब वह चाहते हैं कि विकसित गांव बने। उन्होंने कहा, ''यह विधेयक रामराज्य लाने के लिए लाया गया, गांधी जी के सपनों को पूरा करने के लिए लाया गया है।'' अग्रवाल ने मुख्य विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए कहा, ''कांग्रेस ने गांधी जी को ब्रांड के रूप में इस्तेमाल किया था, लेकिन (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी के सपनों को साकार किया है।'' भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मनरेगा को सिर्फ जेब भरने का साधन बना लिया था।

## सुविचार

अपने आपको भगवान के प्रति समर्पित कर दो, यही सबसे बड़ा सहारा है, जो कोई भी इस सहारे को पहचान गया है, वह डर, चिंता और दुखो से आजाद रहता है।

### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बांग्लादेशी नेताओं का बढ़ता दुस्साहस

बांग्लादेश की नेशनल सिटिजन पार्टी के नेता हसनत अब्दुल्लाह द्वारा दी गई यह धमकी कि ''सेवन सिस्टर्स' को भारत से अलग-थलग कर देंगे', को भारत सरकार को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए। उत्तर-पूर्व के राज्यों के बारे में बांग्लादेश की ओर से आपत्तिजनक बयानबाजी पहले भी होती रही है। अब इसके नेताओं का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि खुद की अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क हो गया, लेकिन धमकियां बड़ी-बड़ी दे रहे हैं। वास्तव में हसनत अब्दुल्लाह ने कोई नई बात नहीं कही है। बांग्लादेशी कट्टरपंथियों का यह पुराना ख्वाब है। इसके तहत, वे उत्तर-पूर्व में इतनी घुसपैठ करवाना चाहते हैं, जिससे डेमोग्राफी बदल जाए। एक बार जब डेमोग्राफी बदल जाती है तो स्थिति को सुधारना बहुत मुश्किल होता है। हसनत अब्दुल्लाह की पार्टी को बने चार दिन हुए हैं, लेकिन इसकी सोच वही पुरानी और जहरीली है। यह पार्टी उन्हीं लोगों का जमघट है, जिन्होंने उपद्रव मचाकर शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़ने को मजबूर किया था। अब ये भारत को आंखें दिखा रहे हैं, उसके राज्यों को अलग-थलग करने की धमकियां दे रहे हैं। जो बुद्धिजीवी इनके हुड़दंग को छात्र आंदोलन बताकर इनकी शान में गीत गा रहे थे, वे देख लें कि इनके विचार कितने पवित्र हैं! हसनत अब्दुल्लाह ने बांग्लादेश की संप्रभुता, क्षमता, मताधिकार और मानवाधिकार का सम्मान नहीं करने वाली ताकतों को पनाह देने संबंधी आरोप लगाकर यह भी कहा कि हमारी तरफ़ से इसका जवाब मिलेगा। इस शख्स की भाषा किसी राजनेता की नहीं है। यह उसी तरह लोगों को भड़का रहा है, जैसे पाकिस्तान में कट्टरपंथी आग उगलते भाषणों से लोगों को भड़काते हैं। क्या बांग्लादेशी नागरिक अपने देश को पाकिस्तान जैसा बनाना चाहते हैं? इसका फैसला उन्हें करना होगा।

बांग्लादेशी नेता यह कहकर किसे धमकी दे रहे हैं कि उनके देश में अस्थिरता का असर पूरे इलाके पर होगा? पिछले साल ढाका समेत कई शहरों में जो उपद्रव हुआ, उसे किन लोगों ने अंजाम दिया था? अल्पसंख्यकों के घरों, दुकानों में आग कौन लगा रहा था? वे बांग्लादेशी कट्टरपंथी ही थे। इसलिए बांग्लादेशी नेता अपनी हरकतों के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराकर मासूम बनने की कोशिश न करें। आप किस जवाब की बात कर रहे हैं? पहले अपने नागरिकों का पेट भरने के लिए पर्याप्त अन्न का इंतजाम तो कर लें, जो चोरी-छिपे हमारे देश में आकर रहते हैं। अगर भारत अब तक नरम रवैया न अपनाता तो बांग्लादेशियों में एक-एक कटोरी चावल के लिए सिर-फुटौवल होती। बांग्लादेश में जिस तरह के नेताओं का उदय हो रहा है, वे अपने देश की संप्रभुता, क्षमता आदि को पलीता लगाने के लिए खुद ही काफी हैं। जिन्होंने खुद मताधिकार और मानवाधिकार का उल्लंघन किया, वे इनका सम्मान करने के लिए उपदेश दे रहे हैं! बांग्लादेश के नए-नवेले नेताओं को चाहिए कि वे पहले उन बांग्लादेशियों के लिए आवास, भोजन और रोजगार की फिक्र करें, जो हाल में भारत के पश्चिम बंगाल से भागे हैं। कई बांग्लादेशियों ने एसआईआर शुरू होने से पहले ही अपना बोरिया-बिस्तर समेट लिया था। अभी तो शुरुआत है। भारत के अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में डेरा डाले बैठे बांग्लादेशियों को भी देर-सबेर स्वदेश लौटना पड़ेगा। बांग्लादेशी नेता 'सेवन सिस्टर्स' की फिक्र न करें, बल्कि अपने 'ब्रदर्स एंड सिस्टर्स' की फिक्र करें। शेख हसीना के सत्ता छोड़ने के बाद बांग्लादेश में उद्योगों की क्या स्थिति है? जब से नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री महोदय ने कमान संभाली है, कंपनियों को ताले लगते जा रहे हैं। कई बांग्लादेशियों को उम्मीद है कि चुनाव बाद सब ठीक हो जाएगा। हालांकि जैसे नेता सामने आ रहे हैं, उन्हें देखकर इस आशंका को ज्यादा बल मिलता है कि बांग्लादेश को एक बार फिर अशांति का सामना करना पड़ सकता है।

## ट्वीटर टॉक



नेशनल हेराल्ड के फर्जी केस के ज़रिए मोदीशाह ने कांग्रेस की आवाज़ दबाने की कोशिश की, लेकिन अंततः सच्चाई की जीत हुई। आज जयपुर में भाजपाई षड्यंत्र के खिलाफ नेता विपक्ष टीकाराम जूली जी, कांग्रेस नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मैंने गिरफ्तारी दी।

**–गोविंदसिंह डोटासरा**



आज पाली ज़िले के ग्राम कंटालिया में जैन श्वेतांबर तेरापंथ संप्रदाय के ग्यारहवें आचार्य परम पूजनीय गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के पावन दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। उनकी करुणा, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से मन अत्यंत प्रसन्न और प्रेरित हुआ।

**–दिया कुमारी**



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.श्री हरिदेव जोशी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। स्वतंत्रता सेनानी श्री जोशी ने प्रदेश के विकास में अमूल्य योगदान दिया, मुझे याद है कि एनएसयूआई के शुरुआती दौर में जब इस छात्र संगठन का मैं प्रथम प्रदेश अध्यक्ष बना था।

**–अशोक गहलोत**

## प्रेरक प्रसंग

### शिक्षा का जुनून

कार्तियानी अम्मा परिवार की जिम्मेदारियों के बीच पढ़ नहीं पाईं। एक दिन कार्तियानी अम्मा की बेटी अमिनी अम्मा ने उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह देखकर कार्तियानी अम्मा ने केरल राज्य साक्षरता मिशन अथॉरिटी द्वारा आयोजित अक्षरलक्ष्यम साक्षरता परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा की उन्होंने जुटकर तैयारी की। इस परीक्षा में अशिक्षित व्यक्तियों को पढ़ना-लिखना और गणित की बुनियादी जानकारी प्रदान की जाती है। जिस व्यक्ति ने बचपन में कभी काले अक्षरों को सफेद कागजों पर न लिखा हो, उनके लिए एक उम्र हो जाने पर इन्हें सीखना मुश्किल हो जाता है। मगर कार्तियानी ने हार नहीं मानीं। 96 साल की उम्र में उन्होंने इस परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर पूरे विश्व को चौंका दिया। उन्हें 100 में से 98 अंक प्राप्त हुए। शिक्षा के प्रति उनके जुनून को देखकर उन्हें वर्ष 2019 में कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग का गुडविल एंबेसडर नियुक्त किया गया। वर्ष 2020 में उन्हें नारी शक्ति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। कार्तियानी ने 95 वर्ष की उम्र पार करने के बाद शिक्षा प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि किसी भी नए कार्य के लिए कभी देर नहीं होती। वर्ष 2023 में उनका निधन हो गया। आज वे भौतिक रूप से पृथ्वी पर उपस्थित नहीं हैं।

## सामयिक

# 'जी राम जी' बिल लेगा मनरेगा की जगह

**अशोक भाटिया**
मोबाइल : 9221232130

बुधवार को लोकसभा में नरेंद्र मोदी की सरकार एक नया बिल ला रही है जो मनरेगा की जगह लेगा और नया ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून बनाया जाएगा। इस बिल का नाम विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल 2025 रखा गया है जिसे शॉर्ट फॉर्म में 'वीबी जी. राम जी' के नाम से जाना जाएगा। इस बिल के जरिए सरकार नया रोजगार गारंटी कानून बनाने जा रही है जो मनरेगा की जगह लेगा। इसमें 125 दिन रोजगार की गारंटी होगी जबकि मनरेगा में 100 दिन रोजगार की गारंटी होती थी। इस बिल में राज्यों की भी हिस्सेदारी तय की जा रही है जबकि मनरेगा में सिर्फ केंद्र की ही हिस्सेदारी होती थी लेकिन इस बिल को लेकर देश में जबरदस्त सियासी बवाल मच गया है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी पार्टियां विरोध कर रही है। सरकार विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड अजीविका मिशन (ग्रामीण) या वीबी-जी राम जी नाम से कानून बनाने की तैयारी कर रही है। आज संसद में शिवराज चौहान इस बिल को पेश करेंगे। यह कई मायने में मनरेगा से बेहतर है। मजबूत और टिकाऊ ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण के मकसद से लाए जा रहे इस विधेयक के प्रावधान न सिर्फ ग्रामीण मजदूरों, बल्कि किसानों के हित भी सुनिश्चित करेंगे। सरकार के मुताबिक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ यह कानून विकसित भारत की नींव को और मजबूत करेगा।

नई योजना के तहत निर्मित परिसंपत्तियां विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना संग्रह (नेशनल रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक) में दर्ज की जाएंगी। इससे एकीकृत एवं समन्वित रूप से राष्ट्रीय विकास की रणनीतियां बनाने में मदद मिलेगी। ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को सालाना 125 दिनों की अकुशल रोजगार की कानूनी गारंटी देने वाला यह कानून 20 वर्ष पुरानी योजना मनरेगा की जगह लेगा। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर पहले से चली आ रही एक योजना में बदलावों की जरूरत क्यों पड़ी। यह किस तरह उससे अलग और बेहतर है और क्या इससे वाकई ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलेगी।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि प्रस्तावित कानून 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक आधुनिक कानूनी ढांचा स्थापित करेगा।मंत्रालय ने कहा कि इस बिल का मकसद चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के जरिए रोजगार और टिकाऊ ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना है। ये चार मुद्दे हैं पानी से जुड़े कामों के ज़रिए पानी की सुरक्षा, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, आजीविका से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर और खराब मौसम की घटनाओं से निपटने के लिए खास काम। यूपीए सरकार की मनरेगा योजना और एनडीए सरकार का तइ-ऋठ-च ऋ बिल कैसे एक दूसरे से अलग है। यह जानना भी जरूरी है। मनरेगा में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी है, जबकि तइ-ऋठ-च ऋ बिल में सरकार ने हर घर के व्यस्क व्यक्ति को 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई है। इस समय केंद्र सरकार: अकुशल मजदूरी की लागत का 100 प्रतिशत और सामग्री की लागत का 75 प्रतिशत वहन करती है। राज्य सरकारें सामग्री की लागत का शेष 25 प्रतिशत और बेरोजगारी भत्ते का भुगतान करती हैं, साथ ही प्रशासनिक लागत भी साझा करती हैं।

'जी राम जी' बिल यूं तो केंद्र द्वारा स्पॉन्सर्ड बिल है। लेकिन वित्तीय जिम्मेदारी राज्य और केंद्र मिलकर उठाएंगे। पूर्वोत्तर और हिमालय बेल्ट के राज्यों में 90 फीसदी फंडिंग केंद्र की होगी जबकि 10 फीसदी हिस्सा राज्य सरकार उठाएगी। जबकि दूसरे राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के मामले में केंद्र की हिस्सेदारी 60 फीसदी और राज्य की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत होगी। मनरेगा और वीबी-जी राम-जी विधेयक में एक बड़ा फर्क का ब्रेक पीरियड का है। नई स्कीम में खेती वाले सीजन में रोजगार गारंटी को 60 दिनों के लिए अस्थायी तौर पर रोक दिए जाने का प्रावधान किया जा रहा है, ताकि खेतों में काम न रुक पाए। रिपोर्ट के अनुसार खेती वाले पीक सीजन में इस अधिनियम के तहत कोई काम नहीं कराया जाएगा।केंद्र का कहना है कि एमजीएनआरईजीए (मनरेगा) के काम बिना किसी मजबूत राष्ट्रीय रणनीति के कई कैटेगरी में फैले हुए थे। नया एक्ट 4 मुख्य तरह के कामों पर फोकस करता है, जो पानी की सुरक्षा, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, आजीविका से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण और जलवायु अनुकूलन में मदद करते हैं। नया एक्ट विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं को अनिवार्य करता है, जिन्हें पंचायतों द्वारा खुद तैयार किया जाता है और झच गति-शक्ति जैसे राष्ट्रीय योजनाओं के साथ इंटीगरेट किया जाता है।यह एक्ट प्रोडक्टिव एसेट बनाने, ज्यादा इनकम और बेहतर लचीलेपन के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। इस स्कीम में पानी से जुड़े कामों को प्राथमिकता दी जाएगी। गावों में बुनियादी विकास पर जोर दिया जाएगा। सड़कें, कनेक्टिविटी और बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा। ताकि बाजार इन इलाकों तक पहुंच पाए।

इसके अलावा भंडारण, बाजार , इनकम डाइवर्सीफिकेशन पर जोर दिया जाएगा। नया स्कीम जल संचयन, बाढ़ जल निकासी और मिट्टी संरक्षण के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रामीण आजीविका की रक्षा करता है। ग्रामीण इलाकों में रोजगार की उपलब्धता से प्रवासन में कमी आएगी। मजदूरों को नौकरी की गारंटी लंबे समय तक मिल सकेगी। उन्हें बेहतर मजदूरी मिलेगी, इलेक्ट्रॉनिक मज़दूरी (2024-25 में पहले ही 99.94 प्रतिशत) पूरी बायोमेट्रिक और आधार-आधारित वेरिफिकेशन के साथ जारी रहेगी, जिससे मज़दूरी की चोरी पूरी तरह से खत्म होगी। हाइपरलोकल विकसित ग्राम पंचायत प्लान यह पक्का करेंगे कि काम पहले से प्लान किया होगा। अगर मजदूरों को काम नहीं दिया जाता है, तो राज्यों को बेरोजगारी भत्ता देना होगा। बेहतर सड़कें, पानी और आजीविका से जुड़ी संपत्तियों का निर्माण मजदूरों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाते हैं। इससे उनकी जीवन शैली बदलती है।

गारंटीशुदा दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 किए जाने से ग्रामीण परिवारों को अधिक आय सुरक्षा मिलेगी। मनरेगा कार्य कई श्रेणियों में बिखरे थे और कोई मजबूत राष्ट्रीय रणनीति नहीं थी। नए कानून में जल सुरक्षा, मूल ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से जुड़े अवसंरचना निर्माण तथा जलवायु अनुकूलन को समर्थन देने वाली टिकाऊ संपत्तियां निर्मित कराई जाएंगी।विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं को अनिवार्य किया गया है, जिन्हें पंचायतें खुद तैयार करेंगी। इन्हें पीएम गति-शक्ति से जोड़ा जाएगा। राज्य फसलों की बुआई और कटाई के दौरान कुल 60 दिनों की अवधि अधिसूचित कर सकते हैं, जब सार्वजनिक कार्य नहीं होंगे। इससे कृषि कार्यों के समय मजदूरों की कमी नहीं होगी। फसल सीजन में सार्वजनिक कार्य बंद होने से मजदूरी दर नियंत्रित रहेगी और खाद्य उत्पादन की लागत नहीं बढ़ेगी।जल संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से सिंचाई सुविधाएं बेहतर होंगी, भूजल स्तर बढ़ेगा। बहु-फसली खेती की संभावना मजबूत होगी। मुख्य एवं आजीविका अवसंरचना से किसान अपनी उपज सुरक्षित रूप से भंडारित कर सकेंगे, फसलों का नुकसान कम होगा और बाजार तक उनकी पहुंच बढ़ेगी। बाढ़ के पानी की निकासी, जल संचयन व मिट्टी संरक्षण के कार्य फसलों की रक्षा करेंगे। प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान को कम करेंगे।

## मुद्दा

# शराब और अपराध : चोली दामन का साथ

**बाल मुकुन्द ओझा**

मध निषेध दिवस 18 दिसंबर को मनाया जाता है। आजकल के बदलते लाइफस्टाइल में हमारे देश में नशा एक ऐसा अभिशाप बन कर उभर रहा है जो हमारे युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। साल-दर-साल इन युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। युवाओं में शराब जैसे खतरनाक नशे के बढ़ते चलन के पीछे बदलती जीवनशैली, अकेलापन, बेरोज़गारी और आपसी कलह जैसे अनेक कारण हो सकते हैं। नशाखोरी इस सदी की सबसे बड़ी समस्या है जिसमें मध यानि शराब का नशा प्रमुख है। आज युवा वर्ग शराब के नशे में खोता जा रहा है। युवाओं में तेजी से बढ़ रही शराब की लत को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ समय-समय सचेत करते रहते हैं। शराब का सेवन शरीर को गंभीर क्षति पहुंचा सकता है। युवाओं के बीच शराब का सेवन एक चलन सा चल पड़ा है। शराब एक नशीला पदार्थ है, जिसको एक प्रकार का अवसाद भी माना जाता है। शराब जैसे तन मन और परिवार को खोखला करने वाली की लत उन्हें बर्बाद कर रही है। शुरू में युवा शौक के तौर पर शराब का सेवन करता है और बाद में नशे की मांग पूरी करने के लिए तस्करी और गैर सामाजिक कार्य के कारोबार में फंस जाता है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 31.2 फीसदी लोग शराब का सेवन करते हैं। इनमें से 3.8 फीसदी वो लोग भी हैं जो इसकी लत का बुरी तरह शिकार हैं और आए दिन बड़ी मात्रा में शराब पीते हैं, जबकि 12.3 फीसदी वो हैं जो कभी-कभार काफी ज्यादा शराब पीते हैं। युवा लोगों में शराब पीने की लत तो बढ़ ही रही थी, अब पीकर बेहोश होने का नया चलन शुरू हो गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शराब को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। इस संबंध में संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि शराब की वजह से हर साल करीब 30 लाख लोगों की मौत होती है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में मृत्यु दर में थोड़ी कमी आई है। इस नए रिपोर्ट को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि आंकड़ें भले ही कम हो रहे हों लेकिन यह अभी भी 'अस्वीकार्य रूप से उच्च' बनी हुई है। शराब और स्वास्थ्य पर पेश इस नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब से सेवन से हर साल दुनिया भर में 20 में से लगभग एक मौत शराब पीने के कारण होती है। शराब पी के गाड़ी चलाने, शराब के कारण होने वाली हिंसा और दुर्व्यवहार और कई तरह की बीमारियों और विकारों के कारण यह मौत होती है। शराब का नशा कम समय में बहुत अधिक शराब पीने से जुड़ी एक स्थिति है। इसे शराब पॉयसन भी कहा जाता है। शराब का नशा गंभीर है यह आपके शरीर के तापमान, श्वास, हृदय गति और गैग रिफ्लेक्स को प्रभावित करता है। यह कभी-कभी कोमा या मृत्यु का कारण भी बन सकता है। शराब का नशा कम समय में जल्दी हो सकता है। जब कोई व्यक्ति शराब का सेवन कर रहा होता है, तो अलग-अलग लक्षण दिखाई दे सकता हैं। ये लक्षण नशे के विभिन्न स्तरों, या चरणों से जुड़े होते हैं। एक अन्य सर्वे के मुताबिक भारत में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लगभग 37 प्रतिशत लोग नशे का



सेवन करते हैं। इनमें ऐसे लोग भी शामिल है जिनके घरों में दो जून रोटी भी सुलभ नहीं है। जिन परिवारों के पास रोटी-कपड़ा और मकान की सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा सुबह-शाम के खाने के लाले पड़े हुए हैं उनके मुखिया मजदूरी के रूप में जो कमा कर लाते हैं वे शराब पर फूंक डालते हैं। इन लोगों को अपने परिवार की चिन्ता नहीं है कि उनके पेट खाली हैं और बच्चे भूख से तड़फ रहे हैं।

## नजरिया

# चुनाव सुधार के गंभीर प्रयास होने चाहिएं

**राजेश माहेश्वरी**

चुनाव सुधार से तात्पर्य किसी देश में चुनावी प्रक्रिया की दक्षता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से किये गए व्यवस्थित परिवर्तनों से है। भारत जैसे लोकतंत्र में, चुनाव राजनीतिक वैधता और नागरिक भागीदारी की आधारशिला होते हैं। इसलिये, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतांत्रिक शासन को बनाए रखने के लिये मूलभूत आवश्यकता है। हालाँकि, समय के साथ, चुनावी प्रक्रिया को धन और बल का दुरुपयोग, राजनीति का अपराधीकरण, राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र की कमी और मतदान में कम भागीदारी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इन मुद्दों पर काबू पाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता को बनाए रखने के लिये चुनावी सुधार अनिवार्य हो गए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य कानूनी ढाँचे को मज़बूत करना, संस्थागत तंत्र में सुधार करना और चुनावी प्रणाली में जनता का विश्वास बहाल करना है। संविधान का अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने तथा संसद और राज्य विधानसभाओं के लिये चुनाव कराने का अधिकार प्रदान करता है। ताजा संदर्भ यह है कि लोकसभा में चुनाव सुधार के मुद्दे पर बहस हुई, लेकिन कोई सुधार या संवैधानिक संशोधन सामने नहीं आया। सरकार की ओर से भी कोई प्रस्ताव नहीं रखा गया कि अमुक सुधार किए जा सकते हैं। यह विशुद्ध रूप से राजनीतिक बहस थी। चुनाव सुधार की आड़ में 'वोट चोरी' का आरोप संसद के भीतर गूंजता रहा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत, साठगांठ से चुनाव जीते जाने का बेहद गंभीर आरोप चस्पां किया। उन्होंने मौजूदा चुनाव आयुक्तों को लगभग धमकी दी कि जब हम सत्ता में आएंगे, तो आपको ढूंढ कर दंडित किया जाएगा, क्योंकि 'वोट चोरी' के जरिए आपने 'लोकतंत्र-चोरी' का काम कराया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार 'वोट चोरी' और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को घेरते रहे हैं। भाजपा की केंद्र और विभिन्न राज्यों के चुनावों में जीत को भी वे 'वोट चोरी' से जोड़ते रहे। बुधवार को संसद में चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के सभी सवालों का जवाब देने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि देश के आजाद होने से कुछ वर्ष पहले तक मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति केवल तत्कालीन प्रधानमंत्री ही किया करते थे। 45 दिनों के अंदर सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने का काम भी पहले से निर्धारित नियमों के आधार पर किया जाता है। लेकिन क्या कांग्रेस शाह के जवाबों से संतुष्ट होगी? अब कांग्रेस की रणनीति क्या रह सकती है? अमित शाह के संबोधन के दौरान कांग्रेस ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। लेकिन अमित शाह ने बताया कि पूरी चुनावी प्रक्रिया नियमों के आधार पर चल रही है। देश के आजाद होने के समय ही चुनाव कराने के कुछ नियम-कानून बनाए गए थे। चुनाव उसी प्रक्रिया से कराए जा रहे हैं। लेकिन अब उन्हीं नियमों पर चुनाव होने पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। शाह ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में पहले विपक्ष की कोई भूमिका नहीं होती थी, लेकिन अब नेता विपक्ष को उसमें शामिल किया जाता है जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

कांग्रेस सरकारों के द्वारा पूर्व में मुख्य चुनाव आयुक्तों को अपनी सरकार में मंत्री बनवाने और उन्हें चुनाव लड़ाने का मुद्दा उठाकर शाह ने यह बताने की कोशिश की कि मुख्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और उन्हें बाद में लाभ देने के मामले में कांग्रेस बेदाग नहीं है। शाह ने कहा कि एसआईआर के द्वारा केवल उन घुसपैठियों को बाहर किया जा रहा है जो देश के बाहर से आए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने इस कानूनी संशोधन पर भी सवाल उठाया है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तय करने वाले पैनल में से देश के प्रधान न्यायाधीश को क्यों हटाया गया? चुनाव आयुक्तों के किसी भी फैसले अथवा काम के मद्देनजर उन्हें इम्युनिटी, कानूनी छूट, क्यों दी गई है? उनके खिलाफ कोई भी कानूनी केस दायर क्यों नहीं किया जा सकता? सीसीटीवी की फुटेज चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के 45 दिन बाद नष्ट क्यों की जाए? यह कानून गलत और भ्रामक है।

नेता प्रतिपक्ष कांग्रेसी सत्ता के इतिहास को नहीं जानते, जब सरकार, यानी प्रधानमंत्री ही, मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन और नियुक्ति करते थे। बाद में उन्हें मंत्री भी बना दिया जाता था अथवा किसी उच्च ओहदे पर बिठा दिया जाता था। तब सत्ता न तो संसद और न ही देश के प्रति जवाबदेह होती थी। तब नेता प्रतिपक्ष को इतना भी अधिकार नहीं था कि वह अपनी 'असहमति' जता सकता। कमोबेश आज प्रधानमंत्री, एक कैबिनेट मंत्री और नेता प्रतिपक्ष के चयन-पैनल में विपक्ष का प्रतिनिधि अपनी असहमति का नोट तो दर्ज करा सकता है। राहुल गांधी वोट चोरी का जो आरोप लगा रहे हैं ।

उनका आरोप है कर्नाटक में फॉर्म 7 के जरिये बड़े पैमाने पर नाम काटे गए और इसके लिए जिनकी आईडी का इस्तेमाल हुआ, उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं थी। अब यह बात समझ से परे है कि चुनाव आयोग ने जांच को रोकने की कोशिश की और सहयोग नहीं किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी वोट चोरी के आरोपों के द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी को घेरने का काम करते रहे हैं, लेकिन इस मामले का एक पक्ष यह भी है कि इंडिया गठबंधन के कई दूसरे दल भी कांग्रेस के इन आरोपों से सहमत नहीं हैं। स्वयं कांग्रेस के कई नेताओं ने भी वोट चोरी और ईवीएम पर विवाद खड़ा करने की बजाय अपना प्रदर्शन सुधारने की बात कही थी। कुछ ही दिन पूर्व जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि वे वोट चोरी के आरोपों से सहमत नहीं हैं। बिहार चुनाव में कांग्रेस ने वोट चोरी को मुद्दा बनाया था। राहुल गांधी ने तेजस्वी यादव के साथ मिलकर वोटर अधिकार यात्रा भी निकाली थी। लेकिन उस समय से ही ये बातें लोगों के सामने आ रही थीं कि राजद वोट चोरी के आरोपों से सहमत नहीं है। अमित शाह ने कहा कि बिहार में एसआईआर को मुद्दा बनाने के बाद भी विपक्ष को करारी हार का सामना करना पड़ा।

राजनीतिक दलों और चुनाव अधिकारियों की सतर्कता व ईमानदारी से चुनावी गड़बड़ियों से बचा जा सकता है। भारत में जब बैलेट पेपर चलते थे, तब भी कुछ राज्यों में बूथ कैप्चरिंग और फर्जी मतदान की घटनाएं होती थीं। यहां तक कि ईवीएम के दौर में भी कई जगह स्थानीय गुंडे बूथ में घुसकर उन लोगों के नाम पर वोट डाल देते हैं, जो वोटिंग के लिए नहीं आए होते। यह वोटिंग मशीन की नहीं, राजनीतिक विफलता है। चुनाव स्वच्छ और निष्पक्ष तरीके से हो सकें, इसके लिए मीडिया ने भी बार-बार दबाव बनाया। दूर-दराज के क्षेत्रों तक जाकर और वहां अपनी जान जोखिम में डाल कर पत्रकारों ने वस्तुस्थिति सामने लाने की कोशिश की। यह मीडिया के ही प्रयासों का परिणाम है कि मतदाताओं में अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता आई। दुनिया में कहीं भी परफेक्ट लोकतंत्र बना-बनाया नहीं मिलता, उसे बनाना पड़ता है। एसआईआर के दौरान विदेशी नागरिकों को हटाने के अभियान पर यह बुनियादी सिद्धांत लागू होना चाहिए कि आरोप साबित होने तक हर आरोपी निर्दोष माना जाता है। जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि वोटर लिस्ट में शामिल या आवेदन करने वाला कोई शख्स विदेशी नागरिक है, उसे मत देने का अधिकार मिलना चाहिए।

महत्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कर्म को कुशलतापूर्वक करना ही योग है : मुरली मनोहर जोशी

नई दिल्ली/भाषा



पद्म विभूषण से सम्मानित पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि ऐसे समय में जब सिद्धांत, व्यवहार और प्रयोग पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं तो कर्म का कुशलतापूर्वक निर्वहन ही योग है, हालांकि उस योग के जरिए उद्देश्य की प्राप्ति पर अहंकार का भाव नहीं होना चाहिए। डा.जोशी ने मंगलवार शाम को यहां पुस्तक द अनबिकमिंग' के विमोचन समारोह में यह बात कही।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लेखक कार्तिकेय वाजपेयी ने 'द अनबिकमिंग' में क्रिकेट के प्रतीकों के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समस्या का समाधान प्रस्तुत किया है। उन्होंने विस्तार में जाए बिना कहा कि ऐसे समय में जब सिद्धांत, व्यवहार और प्रयोग पर प्रश्नचिन्ह लगे हैं तो कर्म का कुशलतापूर्वक निर्वहन ही योग है, लेकिन उस योग के जरिए उद्देश्य की प्राप्ति पर अहंकार का भाव नहीं होना चाहिए। डा.जोशी ने इसी क्रम में कहा कि अहंकार शून्य होना ही साधना है। पुस्तक की प्रस्तावना तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा और भूमिका स्वामी सर्वप्रियानंद ने लिखी है।

इस अवसर पर पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी उपस्थित थे। पद्म विभूषण से सम्मानित, दार्शनिक और राजनेता डॉ. कर्ण सिंह ने उपन्यास के विषयों और भारत की दार्शनिक परंपरा के बीच निरंतरता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, लोग अक्सर पूछते हैं कि सार्वजनिक जीवन और आध्यात्मिक जीवन को कैसे जोड़ा जा सकता है? पिछले 75 वर्षों के मेरे अनुभव के आधार पर यह पूरी तरह संभव है-बशर्ते व्यक्ति की भीतर के आत्मबोध और सार्वजनिक जीवन-दोनों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता हो।'' उन्होंने कहा कि यह पुस्तक बाहरी जीवन और आंतरिक साधना के सामंजस्य को प्रतिबिंबित करती है।

लेखक कार्तिकेय वाजपेयी ने कहा,द अनबिकमिंग' इस विचार पर आधारित है कि हमारे अधिकांश दु:ख का कारण उन पहचानों से चिपके रहना है, जो भय और अपेक्षाओं से गढ़ी जाती हैं।'' डॉ. कर्ण सिंह और डॉ. मुरली मनोहर जोशी के अलावा धर्मगुरु आचार्य पुंडरिक महाराज तथा तिब्बत केंद्र के निदेशक गेशे दोरजी दामदुल ने भी पुस्तक की पृष्ठभूमि में अस्तित्व, आंतरिक स्पष्टता और जीवन के उद्देश्यों पर चर्चा की।

पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित 'द अनबिकमिंग' प्रसिद्ध क्रिकेटर सिद्धार्थ और उनके जीवन-मार्ग को दिशा देने वाले अनुभवी कोच अजय के बीच विकसित होते संबंध को केंद्र में रखती है।

# 60 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला : शिल्पा शेट्टी ने दी प्रतिक्रिया, आरोपों को बताया झूठा

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ हाल ही में 60 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी और ठगी का आरोप लगा। बड़ी रकम के निवेश, मशहूर हस्तियों की छवि और उनके व्यवसायिक



जुड़ाव वाला ये मामला सुर्खियों में है। मुंबई के बिजनेसमैन दीपक कोठारी ने आरोप लगाते हुए मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले ने मीडिया और सोशल मीडिया पर काफी हलचल मचा दी है। जांच के दौरान ईओडब्ल्यू के हाथ कुछ ऐसे सबूत लगे हैं जो धोखाधड़ी की ओर इशारा करते हैं, इसलिए इस मामले में धारा 420 भी जोड़ी गई है। इस कड़ी में अब शिल्पा शेट्टी ने प्रतिक्रिया दी है और सभी आरोपों को निराधार बताया है। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक लंबा नोट साझा किया, जिसमें उन्होंने आरोपों को पूरी तरह खारिज किया। शिल्पा ने लिखा, ''हम फैलाए जा रहे बेबुनियाद और झूठे आरोपों से साफ इनकार करते हैं। जिन मुद्दों को अपराध जैसा दिखाया जा रहा है, उनका कोई कानूनी आधार नहीं है।'' उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट में क्वाशिंग पिटीशन दायर की गई है और उसका निर्णय अभी लंबित है। हमने जांच में पूरी तरह सहयोग किया है और हमें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।

# पाकिस्तान सरकारी विमानन कंपनी में पूरी हिस्सेदारी बेचेगा

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान ने सार्वजनिक क्षेत्र की विमानन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) में अपनी पूरी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। स्थानीय मीडिया में बुधवार को आई खबरों के मुताबिक निजीकरण प्रक्रिया में शामिल बोलीदाताओं ने सौदे के बाद सरकार की किसी भी भूमिका के बिना पूर्ण प्रबंधन नियंत्रण की मांग की थी।बोली 23 दिसंबर को होनी है और घाटे में चल रही राष्ट्रीय विमानन कंपनी की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए शुरुआत में बोली लगाई जाएगी। विजेता बोलीदाता को एक महीने के भीतर बाकी 25 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का विकल्प दिया जाएगा, जिसके लिए उसे 12 प्रतिशत का प्रीमियम भी देना होगा।

यह अतिरिक्त 12 प्रतिशत इसलिए लिया जाएगा, क्योंकि खरीदार को तत्काल भुगतान के बजाय एक साल तक भुगतान टालने की अनुमति दी जाएगी।



# 'तस्करी : द स्मगलर्स वेब' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी अपनी नई वेब सीरीज 'तस्करी: द स्मगलर्स वेब' के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लौट रहे हैं। मेकर्स ने बुधवार को इस सीरीज का आखिरकार टीजर रिलीज कर दिया है, जिसने दर्शकों में उत्सुकता बढ़ा दी है। सीरीज की कहानी, किरदार और सस्पेंस इस तरह से बुने गए हैं कि यह देखने में काफी रोमांचक लग रहा है। टीजर में साफ देखा जा सकता है कि यह कोई साधारण कहानी नहीं है, बल्कि एक हाई-प्रेशर माहौल की झलक देती है, जहां कानून और अपराध आमने-सामने खड़े हैं। टीजर के मुताबिक, फिल्म की कहानी एयरपोर्ट के कस्टम्स विभाग के इर्द-गिर्द घूमती है। यहां हर पैसेंजर, हर सूटकेस और हर दस्तावेज के पीछे रहस्य छुपे हो सकते हैं। इमरान हाशमी, सुपरिंटेंडेंट अर्जुन मीणा के किरदार में हैं, जो तेज-तर्रार अधिकारी हैं और अंतरराष्ट्रीय तस्करी के नेटवर्क पर अपनी पैनी नजर बनाए रखते हैं। उनका किरदार गंभीर और जिम्मेदारी से भरा है।

टीजर की शुरुआत इमरान हाशमी के वॉयस ओवर से होती है, जिसमें वह कहते हैं, 2000 एकड़ में फैला मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट्स में से एक है। सदियों से जहां-जहां ट्रैवलर और बिजनेस हुआ है, वहां तस्करी भी हुई है। तस्करी यानी स्मगलिंग... कुछ सालों से स्मगलर और हमारे बीच आंख-मिचौली का खेल चलता आ रहा है। कभी वो जीतते हैं, तो कभी हम। वह आगे कहते हैं, ''हम कौन? हम पूरी दुनिया के तस्करों का सबसे बुरा सपना हैं, सीमा शुल्क अधिकारी, यानी कस्टम ऑफिसर... अगर कस्टम को शक है, तो चेकिंग तो होगी।''

टीजर में कई थ्रिलिंग और हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस दिखाए गए हैं। फिल्म के कुछ सीन कई अंतरराष्ट्रीय लोकेशन्स पर शूट किए गए हैं। इसके अलावा, कहानी में भावनात्मक और रणनीतिक मोड़ भी शामिल हैं।सीरीज में इमरान हाशमी के अलावा शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज प्रमुख भूमिकाओं में हैं। शरद केलकर का किरदार कहानी में रहस्य और मोड़ लाता नजर आएगा, जबकि अन्य कलाकार अपने-अपने रोल में कहानी को मजबूती देने का काम करेंगे। इनके अलावा फ्रेडी दारूवाला, अनुजा साठे, जमील खान, वीरेंद्र सक्सेना और हेमंत खेर जैसे कलाकार भी सीरीज में हैं।सीरीज का निर्देशन राघव जयरथ ने किया है, जबकि प्रोड्यूसर नीरज पांडे हैं। नीरज पांडे पहले भी 'स्पेशल 26', 'ए वेडनसडे', और 'स्पेशल ऑप्स' जैसी कहानियों के लिए जाने जाते रहे हैं।'तस्करी: द स्मगलर्स वेब' 14 जनवरी 2026 को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



बॉलीवुड एक्टर और डांसर मलाइका अरोड़ा का बुधवार को भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर पहुंचने पर स्वागत किया गया।




# 'बॉर्डर 2' के लिए दिलजीत दोसांझ बहाया खून-पसीना : वरुण धवन

मुंबई/एजेन्सी

मुंबई । अभिनेता वरुण धवन की अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ऐसे में वरुण ने अपने को-स्टार, पंजाबी सिंगर और अभिनेता दिलजीत दोसांझ की जमकर तारीफ की। वरुण ने बताया कि आने वाली फिल्म के लिए दिलजीत ने खूब मेहनत की है। वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ दोनों कलाकार बहुप्रतीक्षित देशभक्ति फिल्म में साथ नजर आएंगे। फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में बॉर्डर-2 का शानदार टीजर लॉन्च किया, जिसमें देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कहानी की झलकियां दिखाई गईं। टीजर लॉन्च इवेंट में वरुण धवन मौजूद थे, लेकिन दिलजीत दोसांझ किसी कारणवश शामिल नहीं हो सके थे।वरुण धवन ने दिलजीत की सराहना करते हुए कहा, दिलजीत ने हमारी फिल्म 'बॉर्डर 2' के लिए खूब मेहनत की और अपना खून-पसीना बहाया है। वह फिल्म में परम वीर चक्र विजेता का किरदार निभा रहे हैं। मैं शानदार एक्टर का धन्यवाद करता हूं।

'बॉर्डर 2' 1997 की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' की सीक्वल है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में हैं, जबकि वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं।

वहीं, विजय दिवस के मौके पर सामने आए टीजर में चारों अभिनेता देश की रक्षा के लिए डटकर लड़ते हुए नजर आते हैं। वरुण भारतीय थलसेना (आर्मी), दिलजीत नौसेना (नेवी) और अहान वायुसेना (एयर फोर्स) के अधिकारी की भूमिका में दिखाई देंगे। टीजर में सनी देओल के दमदार डायलॉग्स भी हैं, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है।एक डायलॉग में वो पड़ोसी देश से कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से जमीन से, समंदर से सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोक कर कहेगा, हिम्मत है तो आ... ये खड़ा है हिन्दुस्तान।अनुराग सिंह के निर्देशन में तैयार फिल्म युद्ध की वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है। 'बॉर्डर 2' के साथ वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे।



# पहली मिस इंडिया मेहर कैस्टेलिनो का निधन

मुंबई/एजेन्सी

भारत की पहली फेमिना मिस इंडिया मेहर कैस्टेलिनो का 81 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी मौत की पुष्टि फेमिना मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए की। मुंबई की गलियों से लेकर भारत की फैशन दुनिया तक, उनका नाम हमेशा याद रखा जाएगा। 1960 और 1970 के दशक में मेहर ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से फैशन इंडस्ट्री की दुनिया में एक अलग मुकाम बनाया। वह न सिर्फ भारत की पहली मिस इंडिया बनीं, बल्कि फैशन जर्नलिज्म को एक नई दिशा भी दी। उनके परिवार में उनके बेटे कार्ल, बहू निशा और बेटी क्रिस्टिना हैं। मुंबई में मेहर कैस्टेलिनो का जन्म हुआ था। उन्होंने 1964 में फेमिना मिस इंडिया का खिताब जीता और भारत का प्रतिनिधित्व मिस यूनिवर्स और मिस यूनाइटेड नेशन्स प्रतियोगिताओं में किया। वह ग्लैमर या शोबिज की दुनिया तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने पत्रकारिता में कदम रखा और फैशन को एक गंभीर एवं प्रतिष्ठित पेशे के रूप में मान्यता दिलाई।

उनका पत्रकारिता करियर 1973 में शुरू हुआ और पहला आर्टिकल ईव्स वीकली में प्रकाशित हुआ। इसके बाद वह फैशन पत्रकार बन गईं और उनके आर्टिकल लगभग 130 नेशनल और इंटरनेशनल न्यूजपेपर्स और मैगजीनों में छपते रहे। उनका नाम फैशन और लाइफस्टाइल के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आवाज के रूप में पहचाना जाने लगा। मेहर ने भारतीय समाज में फैशन की समझ और विचारधारा को गहराई से प्रभावित किया।

श्रद्धांजलि



प्योंगयांग के नागरिक और सैनिक बुधवार को प्योंगयांग में किम जोंग इल की मौत की 14वीं बरसी पर मानसू हिल पर राष्ट्रपति किम इल सुंग और चेयरमैन किम जोंग इल की मूर्तियों को श्रद्धांजलि देते हुए।



# फिल्म 'डकैत' का टीजर अगले वर्ष होगा रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और अदिवी शेष स्टारर फिल्म डकैत जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सोमवार को मेकर्स ने फिल्म के टीजर की रिलीज डेट जारी की। अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 2 भाषाएं, 2 टीजर और 2 शहर।

रफिल्म डकैत का टीजर 18 दिसंबर को जारी किया जाएगा। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म टीजर मुंबई के गैयटी गैलेक्सी में सुबह 11 बजे रिलीज किया जाएगा, तो हैदराबाद में शाम 6:30 बजे रिलीज किया जाएगा। फिल्म 'डकैत' 19 मार्च 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में हिंदी और तेलुगु भाषा में रिलीज की जाएगी। शेनिल देव द्वारा निर्देशित फिल्म में मृणाल और अदिवी के अलावा, प्रकाश राज, सुनील, अतुल कुलकर्णी, जैन मैरी खान, कामाक्षी भास्कर और अनुराग कश्यप जैसे कलाकार नजर आएंगे। सुप्रिया यारलागड्डा द्वारा निर्मित इस फिल्म को सुनील नारंग ने सह-निर्मित किया है और इसे अन्नपूर्णा स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म की कहानी एक गुस्सैल अपराधी की है, जो प्रेमिका से मिले धोखे का बदला लेने की फिराक में है। फिल्म में कई एक्शन सीन भी देखने को मिलेंगे।

बताया जाता है कि एक्शन सीन शूट करने के दौरान अभिनेता घायल हो गए थे। अभिनेत्री हाल ही में फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' में नजर आई थी। इस फिल्म में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर के अलावा, रवि किशन, संजय मिश्रा, चंकी पांडे, नीरू बाजवा, कुब्रा सैत, रोशनी वालिया, दीपक डोबरियाल, विंदू दारा सिंह, शरद सक्सेना, अश्विनी कलसेकर, साहिल मेहता और दिवंगत मुकुल देव भी हैं। इसके अलावा, अभिनेत्री सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'दो दीवाने शहर में' में नजर आएंगी।

फिल्म अगले साल 29 फरवरी को रिलीज होगी। संजय लीला भंसाली इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं, और उनके साथ प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल, और भरत कुमार भी इस प्रोजेक्ट में हैं। फिल्म रवि उद्यावर फिल्म्स के सहयोग से बनाई जा रही है।

# जहां आम लोग नहीं पहुंच पाते, वहां हमने की शूटिंग : अमृता खानविलकर

मुंबई/एजेन्सी

मुंबई । भारतीय ओटीटी इंडस्ट्री लगातार नए और दमदार कंटेंट के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रही है। बड़े फिल्ममेकर्स अब वेब सीरीज के जरिए ऐसी कहानियां लेकर आ रहे हैं, जो पहले कभी पर्दे पर देखने को नहीं मिलीं। इसी कड़ी में मशहूर निर्देशक और निर्माता नीरज पांडे 'तस्करी' नामक नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और लोकप्रिय अभिनेत्री अमृता खानविलकर अहम भूमिकाओं में हैं। यह वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अमृता खानविलकर ने इस वेब सीरीज को लेकर अपनी खुशी और अनुभव साझा किए।

उन्होंने कहा, नीरज पांडे जैसे निर्देशक के साथ काम करना हमेशा खास होता है, क्योंकि उनकी कहानियां वास्तविक और जमीन से जुड़ी होती हैं। 'तस्करी' की शूटिंग का अनुभव बेहद रोमांचक रहा, और इस सीरीज पर काम करते हुए मैंने हर पल कुछ नया सीखा। यह मेरे लिए एक यादगार अनुभव बन गया। अमृता ने कहा, ''सीरीज में किसी भी तरह के बनावटी सेट का इस्तेमाल नहीं किया गया, बल्कि वास्तविक जगहों पर शूटिंग हुई है ताकि कहानी ज्यादा सच्ची और प्रभावशाली लगे। शूटिंग के दौरान हमें ऐसी जगहों पर जाने का मौका मिला, जो आम लोगों के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित हैं।'' अभिनेत्री ने कहा, ''एयरपोर्ट के भीतर के ऐसे हिस्सों में शूटिंग की गई, जहां आम यात्रियों की पहुंच नहीं होती। इसमें एयरपोर्ट के एयरपैड्स और अन्य प्रतिबंधित जोन शामिल थे। इन जगहों पर शूट करना आसान नहीं था। लेकिन, इससे सीरीज की प्रामाणिकता और भी बढ़ गई है। यह अनुभव मेरे करियर के सबसे यादगार पलों में से एक बन गया।'' इमरान हाशमी के साथ काम करने के अनुभव को लेकर भी अमृता ने खुलकर बात की। उन्होंने कहा, ''इमरान हाशमी एक बेहद सरल और विनम्र इंसान हैं। उनके साथ काम करना पेशेवर रूप से अच्छा तो था ही, व्यक्तिगत तौर पर भी काफी सहज और आनंददायक अनुभव रहा।''अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अमृता ने बताया कि 'तस्करी' में उनका रोल एक एनर्जेटिक और थोड़ी गुस्सैल लड़की का है। यह किरदार भावनाओं और जोश से भरा हुआ है, जिसे पर्दे पर निभाना उनके लिए काफी मजेदार रहा। उन्होंने कहा, ''इस किरदार की पूरी यात्रा को जीना मेरे लिए एक चुनौती भी थी और एक सुखद अनुभव भी। मैं इस बात को लेकर बेहद खुश हूं कि यह सीरीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर दर्शकों के सामने आएगी।''





## खुलने वाला है फैशन और लग्जरी का खजाना

# हाई लाइफ प्रदर्शनी का आगाज कल से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मशहूर फैशन एवं लाइफस्टाइल प्रदर्शनी हाई लाइफ नए साल से पहले आपकी वार्डरोब को लग्जरी टच देने के लिए आ रही है। इसका आगाज 19 दिसंबर से द ललित अशोक में होगा। आयोजकों ने बताया कि यह शानदार प्रदर्शनी 21 दिसंबर तक जारी रहेगी, जो साल के आखिर में फैशन प्रेमियों के लिए परफेक्ट गिफ्ट लेकर आ रही है।

यहां आपको डिजाइनर वियर, कुट्योर क्रिएशन्स, चमकदार ज्वेलरी, लाइफस्टाइल कलेक्शंस और स्टेटमेंट एक्सेसरीज मिलेंगी। हाई लाइफ प्रॉडक्टस को इतनी बारीकी से तैयार किया गया है कि ये आने वाली पार्टियों और सेलिब्रेशंस में सबसे स्टाइलिश लगेंगे। इस प्रदर्शनी में एक छत के नीचे फैशन, आर्टिस्ट्री और क्रिएटिविटी का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

# बन्नरघट्टा रोड के श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव 28 को, तैयारियां शुरू



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के श्याम मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में शहर के बन्नरघट्टा रोड स्थित श्याम मन्दिर का 13वां वार्षिकोत्सव 28 दिसम्बर को मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव के मौके पर 27 को मध्यान्ह 3.15 से संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का वाचन पंडित शम्भूदयाल पारीक द्वारा किया जाएगा। 28 दिसम्बर को सुबह 10 बजे बन्नरघट्टा रोड स्थित चंद्रप्रकाश रामसिसरिया गौशाला से श्याम मंदिर तक पैदल निशान यात्रा का आयोजन किया गया है। मंदिर की ओर से दो निशान रहेंगे तथा अन्य चांदी के निशान भी उपलब्ध होंगे।

इस अवसर पर बाबा श्याम का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा व पूरे मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा।ङ्गनिशान यात्रा के बाद मंदिर प्रांगण में मध्यान्ह 3 बजे से भजन संध्या आयोजित की गई है जिसमें कोलकाता के भजन गायक रोहित शर्मा(जिम्मी), झरिया के भजन गायक श्रीकृष्ण अग्रवाल व अन्य स्थानीय भजन गायक भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंदिर कमेटी के सभी ट्रस्टी व अन्य श्याम भक्त वार्षिकोत्सव की तैयारियों में जुटे हैं। कमेटी ने श्याम भक्तों से मंदिर की साफ सफाई व अन्य व्यवस्था में सहयोग देने का आह्वान किया है।



# बैंक ऑफ़ बड़ौदा मंगलूरु अंचल ने हिंदी दोहा-गायन एवं हिंदी भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बैंक ऑफ़ बड़ौदा की सुल्या शाखा, पुत्तूरु क्षेत्र, मंगलूरु अंचल ने सरकारी प्रथम श्रेणी महाविद्यालय के तत्वावधान में भारतीय विजय दिवस समारोह मनाया। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए हिंदी दोहा गायन प्रतियोगिता और हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया था।

ईश वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंचासीन गणमान्य व्यक्तियों का पुष्प से स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सतीश एन पी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में भारतीय सेनानियों की देशभक्ति को नमन करते हुए छात्र-छात्राओं के बीच में देशभक्ति जगाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित सी शेट्टी सहायक महाप्रबंधक एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख बैंक ऑफ़ बड़ौदा पुत्तूर क्षेत्र ने अपने भाषण में हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाइयां दीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपनी जिंदगी में विजय पाने के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा।मुख्य प्रबंधक (राजभाषा) अंचल कार्यालय, मंगलूरु के डा. पी मुरुगन ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी। हिंदी विभागाध्यक्ष रामकृष्ण के एस ने अपने वक्तव्य में भारतीय विजय दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनकी लिखी कविता को छात्राओं ने गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सरवण भवानंद सेल्वम, महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका डॉ. प्रीति के राव और महाविद्यालय हिंदी संघ के अध्यक्ष गौतम और सचिव कुमारी वक्षिता* भी उपस्थित थे। हिंदी दोहा-गायन और हिंदी भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को तथा प्राध्यापकों के लिए आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ पी बालमुरुगन मुख्य प्रबंधक तथा डॉ. शैलजा एन आर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। रंगोली के माध्यम से देशभक्ति जगानेवाले अंतिम स्नातक के छात्र हितेश के डी और छात्रा प्रिया के को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष रामकृष्ण के एस ने किया। कुमारी मैत्री ने मंच संचालन किया। कुमारी सुरक्षा ने सबका स्वागत किया और कुमारी भाग्यश्री ने सबको धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में 50 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था।



# भारतीय जैन संगठन, मैसूरु ने स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। भारतीय जैन संगठन, मैसूरु के तत्वावधान में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक अभिनन्दन कार्यक्रम के तहत ग्रीन हेरिटेज के प्रांगण में स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में उनका सम्मान किया गया जिन्होंने अपने जीवन में आदर्शों को स्थापित करते हुए समाजोपयोगी सेवा क्षेत्र में अनुपम सेवाएं प्रदान की हैं।संगठन के मैसूरु शाखा के संस्थापक अध्यक्ष अशोक सालेचा एवं सचिव कांतिलाल गुलेच्छा ने युवतियों के सक्षमता कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन के लिए प्रकाश श्रीश्रीमाल, युवतियों के लिए स्मार्ट गर्ल्स के आयोजन के लिए प्रकाश गुलेच्छा, नवविवाहित दम्पतियों के लिए एवं कोरोना काल में विशेष सेवाओं के लिए विमल पितलिया, मैसूरु क्षेत्र में तालाबों की अभिवृद्धि एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए प्रवीण लुकड़, युवतियों के ज्ञानभिवृद्धि कार्यक्रम में सेवा के लिए सुखराज विनायकिया एवं जैन अल्पसंख्यक सेवा के लिए निशा जैन का सम्मान किया।

संगठन के मैसूरु शाखाध्यक्ष अध्यक्ष राजन बाघमार ने सभी का स्वागत किया। मुख्य सचिव दीपक बोहरा ने संचालन करते हुए गत साधारण सभा व अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी।



# दक्षिण नाकोड़ा तीर्थ अरसीकेरे में पार्श्वनाथ जन्म एवं दीक्षा कल्याणक मनाया गया

अरसीकेरे/दक्षिण भारत । आचार्यश्री विश्वरत्नसागर सूरीश्वरजी के शिष्य मुनिश्री उज्ज्वलरत्न सागरजी की निश्रा में रविवार को दक्षिण नाकोड़ा तीर्थ अरसीकेरे में पुरुषादानीय पार्श्वनाथ जन्म एवं दीक्षा कल्याणक का तीन दिवसीय उजमणी स्वरूप पोष दशमी मेला का आयोजन किया गया। बेंगलूरु के दक्षिण नाकोड़ा सेवा मंडल द्वारा मेला का संपूर्ण लाभ लिया गया। मंडल ने बस एवं रेल द्वारा यात्रा संघ निकाला गया। राष्ट्रीय भैरव भक्त परिवार, जैन मित्र फाउन्डेशन सहित हासन, शिव्वमोग्गा, होलेनरसीपुर, टिपटूर आदि नगरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

तुषार गुरु ने विधि विधान के साथ पार्श्व भैरव महापूजन करवाया। मुनिश्री द्वारा प्रभु का जन्म वांचन के प्रसंग का वर्णन किया गया। कार्यक्रम में मुंबई से आए भजन गायक निकेश बलदोटा के साथ दिलखुश बाफणा ने भजनों की प्रस्तुति दी। संभव संगीत मंडल ने संगीत द्वारा वातावरण को संगीतमय बनाया। लाभार्थियों ने दक्षिण भारत की एक मात्र नागफणा युक्त 1008 दीपक से प्रभु की आरती की गई।



# जेबीएन स्वयम् वी-प्रेन्योर्स की बैठक आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो साउथ चैप्टर के अंतर्गत जेबीएन स्वयम वी-प्रेन्योर्स की साप्ताहिक बैठक गुरुवार को जीतो कार्यालय में सम्पन्न हुई। इस बैठक में महिला उद्यमियों एवं व्यवसायिक नेतृत्वकर्ताओं की सक्रिय और प्रेरणादायक सहभागिता देखने को मिली। बैठक का संचालन राजुल किशोर एवं सलोनी नेतानी ने करते हुए सभी का स्वागत किया। बैठक का मुख्य आकर्षण 'यूसेना हेल्थ कोच' डिम्पल जैन का ज्ञानवर्धक प्रस्तुतिकरण रहा जिसमें स्वास्थ्य, पोषण, वेलनेस पर वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान 20 से अधिक व्यवसायिक रेफरेंस का आदान-प्रदान हुआ। इस अवसर पर जीतो लेडीज़ विंग की चेयरपर्सन बबीता रायसोनी, मुख्य सचिव निधि पालरेचा एवं रेफरल हेड निशा कोठारी ने शुभकामनाएं दी। बैठक में जेबीएन स्वयम वी-प्रीन्योर्स की महिला उद्यमिता एवं समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः सशक्त रूप से स्थापित किया।

## गौशाला भूमिपूजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के गणेशमल नैनूबाई मांडोत चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में कनकपुरा रोड स्थित हारोहल्ली के मुदेनाहल्ली ग्राम में गणेश जैन गौशाला हेतु क्रय की गई नई जमीन पर भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। भूमिपूजन के लाभार्थी वीरप्रताप बाबू शेट्टी एवं हरिणी प्रताप, गौशाला के संस्थापक जसवंतकुमार मांडोत एवं सुरेशचंद मेहता पानीबाई मेहता ने भूमि पूजन किया। सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। जसवंतकुमार मांडोत ने बताया कि गौशाला में कम्युनिटी हॉल, भोजनशाला, कॉन्फ्रेंस हॉल, धार्मिक पुस्तकालय वाचनालय के साथ 20 कमरों वाला बहुउद्देशीय भवन भी निर्मित किया जाएगा। इस मौके पर समाज के अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# मायुम बेंगलूरु ने सैंकड़ों लोगों को कराया भोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु शाखा द्वारा रविवार को राष्ट्रीय सेवा प्रकल्प 'आनंद सबके लिए' के अंतर्गत मासिक सेवा कार्यक्रम में नायडनहल्ली स्थित डिविनिटी अपार्टमेन्ट के सामने 'अन्नदान-खुशियों की थाली' का आयोजन किया गया जिसमें 1300 से अधिक जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। विमल कुमार धानुका परिवार द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में संयोजक रूपेश केडिया, अध्यक्ष गोपाल कुमार, उपाध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष स्नेह जाजू, सचिव सनी जैन, सुशील सैनी, विशाल धानुका, निखिल अग्रवाल, कुश अग्रवाल आदि अनेक सदस्यों ने अपने हाथों से लोगों को अन्नदान किया।



# आत्मा के अलंकार संसार से पार लगाने वाले हैं : साध्वीश्री भव्यगुणा

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के शंकरपुरम स्थित परफेक्ट प्रिमिया अपार्टमेंट में विराजित साध्वी भव्यगुणाजी ने कहा कि जीव अनादि काल से परिभ्रमण कर रहा है तो भी उसको थकान नहीं लग रही है। व्यक्ति अगर कहीं घूमने जाता है तो उसको थकान लगती हैं वह घर जाकर आराम करता है, लेकिन आत्मा जो अनंत काल से परिभ्रमण कर रही है उसको थकान नहीं लगी है। साध्वीश्री ने बताया कि शरीर संबंधी अलंकार आत्मा को डूबाने वाले हैं। आत्मा के अलंकार संसार से पार लगाने वाले है। आत्मा के अलंकार नव प्रकार के हैं। सामायिक नामक अलंकार का वर्णन करते हुए साध्वी शीतलगुणाजी ने कहा कि जिसमें समता की आय हो उसे सामायिक कहा जाता है। समभाव से की गई सामायिक की क्रिया से कर्म निर्जरा होती है और अगर सिर्फ क्रिया ही हो तो पुण्य का बंध हो सकता है पर कर्म निर्जरा नहीं हो सकती है। अगर आठों कर्म शून्य होंगे तो ही हमारा मोक्ष है। हम जो शरीर से प्रवृत्ति करते हैं उससे आत्म कल्याण नहीं होता है, लेकिन अगर वृत्ति उसके साथ में हो तो उससे आत्म कल्याण संभव है। मोह रूप जहर को कोई भी नहीं उतार सकता है। सुनील कुंकुलोल ने बताया कि अनेक युवाओं ने साध्वियां की विहार सेवा का लाभ लिया।

## प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के अप्पू बॉयज ग्रुप द्वारा लग्गेरे खेल मैदान में आयोजित प्रीमियर लीग नॉकआउट खेलकूद प्रतियोगिता 'अप्पू कप 2025' में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने का संदेश दिया। शरद एवं कुमार ने मुणोत को सम्मानित किया।

# सुरक्षा स्थिति के कारण भारत ने बांग्लादेश की राजधानी में वीजा आवेदन केंद्र बंद किया

ढाका/भाषा

बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए बुधवार को अपना कार्यालय बंद कर दिया। ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क (जेएफपी) में स्थित आईवीएसी राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं के लिए मुख्य एवं एकीकृत केंद्र है। आईवीएसी ने एक बयान में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि आईवीएसी जेएफपी ढाका आज अपराह्न दो बजे बंद कर दिया जाएगा।

आईवीएसी ने कहा कि बुधवार को आवेदन जमा करने के लिए निर्धारित 'अपॉइंटमेंट स्लॉट' वाले सभी आवेदकों के 'अपॉइंटमेंट' बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किए जाएंगे। इससे पहले दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया और कुछ चरमपंथी तत्वों द्वारा ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा संकट पैदा करने की साजिश के ऐलान को लेकर अपनी गंभीर चिंता जतायी।

## पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर लगाया गया प्रतिबंध एक माह और बढ़ाया

इस्लामाबाद/लाहौर/भाषा। पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंध को एक और माह के लिए बढ़ाते हुए 23 जनवरी तक लागू करने का फैसला किया है।

पहलगाम हमले के बाद अप्रैल में पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। भारत ने भी पाकिस्तान पर इसी तरह का प्रतिबंध लगाया है।

पिछला विस्तारित प्रतिबंध 24 दिसंबर को समाप्त होने वाला था, लेकिन पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण (पीएए) ने बुधवार को इसे 23 जनवरी तक बढ़ा दिया।

# नेट निंजास टीम ने जीता 'कांठा कटारिया बैडमिंटन' कप

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय कांठा प्रांत ओसवाल साजनान संघ राजाजीनगर की युवा शाखा कांठा प्रांत जैन मित्र मंच द्वारा आयोजित कटारिया कप बैडमिंटन प्रतियोगिता के फिनाले में नेट निंजास टीम ने जीत हासिल की। विमल कटारिया के नेतृत्व वाली नेट निंजास टीम ने विकास गुगलिया के नेतृत्व वाली एस एवेंजर्स टीम के बीच चली खिताबी भिड़ंत में नेट निंजास ने बाजी मारी। मिश्रीमल अजीतकुमार कटारिया के मुख्य प्रायोजन में आयोजित कटारिया कप के समारोह में मित्र मंच के मंत्री निखिल गुंदेचा ने प्रायोजकों व सहप्रायोजकों को धन्यवाद दिया। संघ के अध्यक्ष मिश्रीमल कटारिया एवं महामंत्री भागचंद गुगलिया ने सभी टीम मालिकों की भागीदारी की सराहना की। कांठा प्रांत जैन संघ के अध्यक्ष श्रीपाल खीवेसरा, ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तमचंद कोठारी व महामंत्री सिद्धार्थ बोहरा ने किशोर व युवा खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उनके उज्वल खेल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के संयोजक मनीष बोहरा एवं विशाल गुगलिया ने बताया कि विजेता टीम सहित अन्य विजेताओं को ट्रॉफी व मेडल प्रदान किए गए।



# गुरु तेग बहादुर का बलिदान धार्मिक स्वतंत्रता का प्रतीक : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली/भाषा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को गुरु तेग बहादुर की शहादत को धार्मिक स्वतंत्रता की ऐतिहासिक असाधारण पुष्टि में से एक करार दिया। उन्होंने यहां एक अंतरधार्मिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सिख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर ने अपने प्राण राजनीतिक सत्ता या किसी एक धर्म की श्रेष्ठता के लिए नहीं बल्कि व्यक्तियों के अपने अंतरात्मा के अनुसार जीवन जीने और पूजा करने के अधिकार की रक्षा के लिए बलिदान किए।यह कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर की शहादत की 350वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। राधाकृष्णन ने कहा कि गुरु तेग बहादुर को न केवल एक सिख गुरु के रूप में बल्कि सर्वोच्च बलिदान और नैतिक साहस के सार्वभौमिक प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि सिख गुरु असहिष्णुता के युग में सताए हुए लोगों के लिए ढाल बनकर खड़े रहे।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com/**RNI No. 58061/93.**